तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, मंगलवार 14 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -8 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-316 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

नक्सलियों ने भाजपा नेता को मारने की ली जिम्मेदारी

नारायणपुर,14 फरवरी। नक्सलियों ने ओरछा मार्ग पर पर्चा जारी कर भाजपा नेता सागर साहू को मारने की जिम्मेदारी ली है. सूत्रों के मुताबिक, पर्चे में नक्सलियों ने माइंस की दलाली बंद करने का जिक्र करते हुए छेटे डोंगर सरपंच एवं अन्य एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी का भी जिक्र किया है. यह मामला ओरछा थाना क्षेत्र का है. इस मामले में नारायणपुर पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने कहा, नक्सली पर्चा मिला है, जिसकी जांच की जा रही है. जांच के बाद सही जानकारी दी जाएगी. आपको बता दें कि बीते दिनों नारायणपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या की थी. बाइक पर सवार होकर 2 नक्सली उनके घर पहुंचे थे, जिन्होंने पहले दरवाजा खटखटाया. सागर ने जब गेट खोला तो उन पर एके-47 से 2 गोलियां दाग दी. वारदात को अंजाम देने के बाद माओवादी बाइक से जंगल की तरफ भाग निकले. पत्नी और बच्चों की चीख सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे, जिन्होंने वारदात की जानकारी पुलिस को दी. बताया जा रहा है कि सागर साहू भाजपा के जिला उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ वे ठेकेदारी का काम भी करते थे. इलाके में ही प्राइवेट मकान बनाने का ठेका लेते थे. इस वारदात के बाद सागर साहू की पत्नी और बच्चे काफी दहशत में हैं.

पुलवामा हमले के शहीदों को बघेल ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर,14 फरवरी। चार साल पहले 14 फरवरी आज के दिन ही जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें भारत के 40 जवान शहीद हुए थे. इस आतंकी हमले की घटना को याद करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है. उन्होंने टवीट कर कहा, पुलवामा हमले की हृदयविदारक खबर और दृश्य आज भी हम सबकी आंखों के सामने महसूस होते हैं. सीएम बघेल ने कहा, हमारे देश के वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया. हम उनका और उनके परिवारों का ऋण कभी नहीं चुका पाएंगे. शहीद जवानों को हम सब कोटि-कोटि नमन एवं श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं. पुलवामा हमले की हृदयविदारक खबर और दृश्य आज भी हम सबकी आँखों के सामने महसूस होते हैं। हमारे देश के वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। हम उनका, उनके परिवारों का ऋण कभी नहीं चुका पाएँगे। हम सब कोटि-कोटि नमन एवं श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं।

कांकेर हादसे में घायल मासूम ने तोड़ा दम

कांकेर , 14 फरवरी। छत्तीसगढ़ के काँकेर जिले के कोरर के पास गुरुवार को ट्रक और ऑटो में आमने सामने की भिड़ंत से 7 बच्चों की मौत हुई थी।वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 साल के मासूम गौतम मंडावी ने भी आज दम तोड़ दिया। उनका इलाज रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में चल रहा था।पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा। वहीं ऑटो चालक का अभी इलाज चल रहा है। बताया जा रहा कि गौतम के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में फेक्चर हुआ था. 4 डॉक्टरों की निगरानी में छात्र गौतम मंडावी का इलाज चल रहा था. उपचार के दौरान हरसंभव प्रयास करने के बाद भी उनकी जान नहीं बचा सके।

बीबीसी के दिल्ली-मुंबई ऑफिस में आयकर का छापा

नई दिल्ली,14 फरवरी। आयकर विभाग के 15 अधिकारियों की एक टीम ने मंगलवार को भारत में बीबीसी के दफ्तरों में सर्वे किया. दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के कार्यालयों में संचालन चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए और उन्हें घर जाने के लिए कहा गया। सूत्रों ने कहा कि बीबीसी के दिल्ली कार्यालय में दोपहर की पाली में काम करने वाले कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है।

सूत्रों ने यह भी कहा कि बीबीसी कार्यालयों की तलाशी अंतरराष्ट्रीय कराधान और स्थानांतरण मूल्य निर्धारण अनियमितताओं के आरोपों से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि उर्दू सेवाओं को देखने वाले दो लोग वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यालय परिसर के अंदर थे। पीएम मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री - 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' को लेकर हुए विवाद के हफ्तों बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

इस बीच, कांग्रेस ने आईटी अधिकारियों के बीबीसी कार्यालयों में

पहुंचने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, सरकार बीबीसी के पीछे पड़ी है, जबकि यहां हम अडानी मामले पर जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) की मांग करते हैं। कांग्रेस के गौरव गोगोई ने भी ट्विटर पर लिखा जिस समय भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है, उस समय पीएम मोदी भारत को निरंकुशता और तानाशाही में धकेल रहे हैं। बीबीसी पर छापे, अडानी को क्लीन चिट, टैक्स में कटौती अमीरों के लिए, लोगों के घरों की नींद उड़ रही है, असमानता और बेरोजगारी बढ़ रही है।

जयराम रमेश बोले- विनाश काले विपरीत बुद्धि

बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमें पहुंची हैं। इस दौरान आयकर विभाग के अफसरों ने बीबीसी के कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए और उन्हें मीडिया से बात करने से मना किया गया है। आयकर विभाग की ओर से फिलहाल दिल्ल और मुंबई के दफ्तरों में सर्वे और सर्च किया जा रहा है। फिलहाल इस पर बीबीसी का कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है, लेकिन देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस का कहना है कि यह ऐक्शन बता रहा है कि देश में अघोषित आपातकाल लग गया है। कांग्रेस ने कहा कि पहले बीबीसी की डॉक्युमेंट्री पर बैन लगा दिया गया और अब उस पर छापा मारा गया है। यही तो अघोषित आपातकाल है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि वाला हाल कांग्रेस का है। जयराम रमेश ने कहा कि यह दिखाता है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने कहा कि हम एक तरफ अडानी के मामले में जेपीसी की मांग कर रहे हैं तो वहीं सरकार ने महज एक डॉक्युमेंट्री को लेकर बीबीसी के दफ्तर पर छापेमारी कर दी है। बता दें कि बीबीसी की ओर से गुजरात दंगों को लेकर एक डॉक्युमेंट्री तैयार की गई थी, जिस पर बैन लगा दिया गया है। इस बैन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पिछले दिनों दाखिल की गई थी, जिस पर तत्काल सुनवाई से उच्चतम न्यायालय ने इनकार कर दिया था।

दहकने लगे टेसू

वाराणसी एयरपोर्ट पर राहुल गांधी को नहीं मिली उतरने की इजाजत

लखनऊ,14 फरवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों सुर्खियों में हैं। इन सबके बीच राहुल गांधी को सोमवार रात वाराणसी पहुंचना था। लेकिन वह वाराणसी नहीं पहुंच सके। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि वाराणसी हवाई अड्डे पर उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं दी गई। ऐसा सरकार के दबाव में किया गया। हालांकि, वाराणसी हवाई अड्डे ने कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरीके से खारिज कर दिया है। साथ ही साथ पूरी जानकारी के बाद ही आरोप लगाने की सलाह दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के विमान को उनके वायनांड संसदीय क्षेत्र से लौटने पर यहां हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन हवाईअड्डा प्राधिकरण ने अंतिम समय पर विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यहां आने और फिर प्रयागराज जाने वाले थे, लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सरकार के दबाव के चलते उनके विमान को यहां लैंड नहीं करने दिया। उन्होंने कहा कि यहां ट्रैफिक जाम है और जानबूझकर अनुमति नहीं दी। राय ने कहा कि वह और पार्टी के अन्य नेता अपने नेता की अगवानी के लिए हवाईअड्डे पर थे लेकिन उनके विमान को हवाईअड्डे पर उतरने नहीं दिया गया, फलस्वरूप उन्हें (गांधी को) राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा। दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विमान को उतरने की अनुमति नहीं दिए जाने के आरोपों को वाराणसी हवाईअड्डे ने खारिज किया है। एयरपोर्ट का कहना है कि राहुल गांधी को ले जाने वाली चार्टर जेट कंपनी ने खुद ही फ्लाइट कैंसिल कर दी थी। कृपया अपने बयान को सही करें क्योंकि ऑपरेटर द्वारा उड़ान रद्द कर दी गई थी।

मोदी ने पूर्वोत्तर के मन की दूरी समाप्त की : शाह

अगरतला,14 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की त्रिपुरा में रैली और विकास व प्रगति के साथ ही सकारात्मक राजनीति वाले दावे के बाद अब इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से टिप्पणी सामने आई है। अमित शाह नेकहा कि प्रधानमंत्री ने अलगाव की भावना को समाप्त कर दिया है जो पूर्वोत्तर में पनपी थी। उन्होंने कहा कि पीएम ने पिछले आठ वर्षों के दौरान इस क्षेत्र का 51 बार दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधान मंत्री ने जो सबसे बड़ी चीज की है, वह है मन की दूरी यानी पूर्वोत्तर के लोगों और शेष भारत के बीच अलगाव की भावना को समाप्त कर दिया। खुद प्रधानमंत्री ने पिछले आठ साल के दौरान 51 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। आजादी के बाद से यहां कोई प्रधानमंत्री इतनी बार नहीं आया है। हर 15 दिनों में कम से कम एक केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र का दौरा करना

अनिवार्य कर दिया गया है। पीएम मोदी के सत्ता में आने के बाद हमने पूरे पूर्वोत्तर को बदलने के लिए बहुत कुछ किया है। पहली बात तो यह है कि आज पूर्वोत्तर में शांति है। कई उग्रवादी संगठन थे। हमने ऐसे कई संगठनों के साथ समझौतों को अंतिम रूप दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह भाजपा सरकार थी जिसने ब्रू और रियांग समुदायों के लगभग 40,000 परिवारों को बसने की अनुमति दी, जो त्रिपुरा में 25 वर्षों से अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे थे। यहां नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ भी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। लगभग 8,000 से अधिक सशस्त्र कैडरों ने अपने हथियार सौंप दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल होने का विकल्प चुना है। पूर्वोत्तर पहले नाकाबंदी, बंद, बम विस्फोट और उग्रवाद के लिए जाना जाता था। आज वहां सड़कें बन रही हैं, रेलवे नेटवर्क सभी राज्यों तक पहुंचने वाला है और क्षेत्र के सभी राज्यों में हवाईअड्डे बन गए हैं। उत्तरपूर्वी राज्यों में भाजपा की चुनावी संभावनाओं का उल्लेख करते हुए जहां पहचान की राजनीति प्रचलित थी, शाह ने कहा कि भाजपा के खिलाफ एक झूठी कहानी फैलाई जा रही है कि पार्टी के सत्ता में आने पर क्षेत्र अपनी पहचान और सांस्कृतिक विरासत खो

मंत्री डहरिया के कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने किया हंगामा

राजिम,14 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़

माघी पुन्नी मेला में चल रहे कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया राजीव युवा मितान क्लब के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही। मंच के नीचे संगठन के जिम्मेदार नेता बैठे रहे। गरियाबंद जिला के कांग्रेसी अध्यक्ष भावसिंह साहू के लिए ऊपर में बैठने की कोई जगह नहीं थी। मंच अन्य नेताओं से भर गया था। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी उन्हें तवज्जों नहीं मिल रही थी जिसके कारण वहां उपस्थित जिले के नेताओं ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। सामने एसडीएम साहिबा खड़े होकर प्रोटोकॉल की बात कह रही थी लेकिन दूसरी ओर तेज आवाज में पार्टी के ही नेताओं द्वारा हंगामा खड़ा किया जा रहा था। जिनकी वीडियो क्लिप तेजी के साथ वायरल हो रही है। इस तू-तू मैं-मैं को देखते हुए मंत्री डहरिया ने अपनी जगह को छोड़कर मंच के सामने आकर स्थिति को संभाला। इस बार के माघी पुन्नी मेला में कांग्रेसी नेताओं को तवज्जो नहीं मिल रहा है जिसकी झलक मंत्री डहरिया के सामने प्रकट हो ही गई। इस संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू ने बताया कि मैं खुद केंद्रीय समिति का सदस्य हूं। बावजूद इसके जो मान सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है।

यूपी : अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान मां-बेटी की जलकर मौत

कानपुर 14 फरवरी। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले के एक गांव में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान 45 वर्षीय महिला प्रमिला और उसकी 20 वर्षीय बेटी नेहा की आग से जलकर मौत हो गई। मामले में जहां पुलिस ने कहा कि महिलाओं ने खुद आग लगा ली, वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि जब महिलाएं अंदर थीं, तो पुलिस वालों ने झोपड़ी में आग लगा दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार देर शाम जिले के रूरा क्षेत्र के मडौली गांव में हुई, जहां पुलिस, जिला प्रशासन और राजस्व अधिकारी सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने गए थे।ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी बुलडोजर लेकर पहुंचे और उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई।शिवम दीक्षित ने कहा, जब लोग अंदर थे तब उन्होंने आग लगा दी। हम भागने में सफल रहे। उन्होंने हमारे मंदिर को तोड़ दिया। किसी ने कुछ नहीं किया, जिलाधिकारी ने भी नहीं। हर कोई भागा, कोई मेरी मां को नहीं बचा सका।पुलिस ने हालांकि कहा कि प्रमिला दीक्षित और उनकी बेटी नेहा ने खुद ही आग लगा ली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि रूरा स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) दिनेश गौतम और प्रमिला के पति गेंदन लाल भी महिलाओं को बचाने की कोशिश में झुलस गए। इस बीच, पुलिस अधीक्षक (एसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने कहा, महिला और उसकी बेटी ने खुद को झोपड़ी के अंदर बंद कर लिया और आग लगा ली, जिससे उनकी मौत हो गई।

रायपुर के लाखेनगर में मिला नवजात बच्ची का शव, जाँच में जुटी पुलिस

रायपुर , 14 फरवरी । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के हिंद स्पोर्टिंग मैदान के पास नवजात बच्ची का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर आजाद चौक थाना पुलिस पहुंची है। आसपास के अस्पतालों से बच्ची के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

आजाद चौक थाना पुलिस आसपास के अस्पताल में बच्ची के संबध में जानकारी जुटाने के प्रयास कर रही है। दो तीन दिनों में कितने बच्चे हुए हैं। बच्ची के मां बाप कौन है कहा के है। कौन यहां छोड़कर गया है। पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022, छत्तीसगढ़ को मिले 12 पदक

विजेताओं के कैरियर निर्माण की सोच कब होगी विकसित ?

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

युवाओं में खेल प्रतिभा का आंकलन करने के लिए भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली (साई) द्वारा पिछले चार वर्षों से खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। 2022 का संस्करण मध्यप्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक सम्पन्न हुआ। वस्तुतः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की खेल प्रतिभाओं का प्रदर्शन अब तक कोर ओलंपिक खेलों में सिर्फ कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, हाकी, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, टेनिस जैसे कुछ ही खेल में शानदार रहा है। भारत में वैसे तो 1965 से साई के माध्यम से विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया जारी है परंतु इसमें और सुधार को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा के अनुसार 2018 से खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के आयोजन की शुरुआत हुई बाद में 2019 में इसका नाम खेलो इंडिया यूथ गेम्स कर दिया गया। इस प्रतिस्पर्धा में बालक-बालिकाओं के अंडर-17 और युवक-युवतियों के लिए अंडर-21 वर्ष अर्थात दो आयु वर्ग के प्रतिभागी प्रदर्शन करते हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स अब तक 2018 में नई दिल्ली, 2019 में पुणे, 2020 में गुवाहाटी, 2021 पंचकुला तथा 2022 में मध्यप्रदेश में आयोजित की जा चुकी है। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पांचों स्पर्धाओं में प्रथम व दूसरे स्थान पर हरियाणा या महाराष्ट्र के प्रतिभागी रहे हैं। 2022 में सम्पन्न खेलों में 27 खेलों शामिल किया गया। इसमें एथलेटिक्स, टेनिस, कबड्डी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, हाकी, जिम्नास्टिक्स, बैडमिंटन, खो-खो, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, बास्केटबाल, फुटबाल, गटका, कलारीपयट्टू, थंगटा, मलखंब, योगासन, कैनोइंग-कयाकिंग और रोइंग जैसे खेल सम्मिलित थे। सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि इस प्रतियोगिता में चयन के लिए

उभरते हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान वार्षिक तौर पर शुरुआती और राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में खेल के आधार पर की जाती है। ऐसे प्रतिभा सम्पन्न खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया ई-खेल पाठशाला, खेलो इंडिया सेंटर, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आफ एक्सलेंस, खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमी और योजना द्वारा पहचाने गये अन्य प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से विकसित किया जाता है। खेलो इंडिया सेंटर इस मुहिम को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देता है। खेलो इंडिया सेंटर पहल का उद्देश्य भारत में खेलो के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। वित्तीय सहायता, सहायक कर्मचारियों, उपकरणों खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार द्वारा 2014 में सत्ता में आते ही भारत में खेलों की दिशा व दशा बदलने का प्रयास आरंभ किया गया। इसमें सभी राज्यों का सक्रिय योगदान आवश्यक है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने इन खेलों में दो स्वर्ण, दो रजत, आठ कांस्य सहित 12 पदक जीते और 33 राज्यों में 22वां स्थान प्राप्त किया।

इसमें सबसे शानदार प्रदर्शन नारायणपुर, ओरछा धुरनक्सली प्रभावित क्षेत्र के मलखंब के खिलाड़ियों का रहा उन्होंने छत्तीसगढ़ को प्राप्त 12 में से 6 पदक जीते जिसमें राकेश कुमार ने तीन पदक एक स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके अलावा संतोष, मोनू नेताम ने व्यक्तिगत जबकि लड़के व लड़कियों की टीम ने एक कांस्य पदक जीता। कुश्ती में स्वर्ण पदक, बास्केटबाल टीम ने रजत साथ ही भारोत्तोलन, कलारीपयाट्टू, थंग-टा, तलवारबाजी में भी एक-एक कांस्य पदक हमारे प्रतिभागियों ने जीता। सभी बधाई के पात्र हैं। खिलाड़ियों की इतनी बड़ी उपलब्धि होने पर शासकीय तौर से किसी तरह के पुरस्कार या सम्मान की घोषणा ना होना छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए चिंता का विषय है। जबकि छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग में खेल प्रशासक हैं और तो और छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण भी कार्यरत है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की देखभाल की जिम्मेदारी सबकी है तभी खेलकूद में भविष्य में सफलता मिलेगी।

आज के ही दिन पुलवामा में 40 जवान हुए थे शहीद

नई दिल्ली,14 फरवरी। चार साल पहले 14 फरवरी आज के दिन ही जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमला हुआ था, जिसमें भारत के 40 जवान शहीद हुए थे. भारत ने कड़े कदम उठाते हुए पुलवामा हमले का बदला लिया था. हमारे सैनिकों ने इस हमले का जवाब बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में दिया. भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर उसके आतंकी ठिकानों को नष्ट किया. आज इस खास मौके पर जानते हैं आखिर 14 फरवरी 2019 को क्या हुआ था.14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर सीआरपीएफ का काफिला जा रहा था. इस काफिले में अधिकतर बसें थीं, जिनमें जवान बैठे थे. यह काफिला जब पुलवामा पहुंचा, तभी दूसरी तरफ से एक कार आई और काफिले की एक बस में टक्कर मार दी. जिस कार ने बस में टक्कर मारी, उसमें भारी मात्रा में विस्फोटक रखा था. ऐसे में टक्कर होते ही विस्फोट हुआ और इसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए.पुलवामा में आतंकी हमले के बाद भारत ने सबक सिखाने के लिए 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना पाकिस्तान के बालाकोट में दाखिल हुई। एयर स्ट्राइक के जरिये आतंकी ठिकानों को नष्ट किया. 27 फरवरी को पाकिस्तान की वायु सेना भारत को जवाब देने के लिए जम्मू कश्मीर में घुसकर हवाई हमला किया था. इसके जवाब में भारतीय वायुसेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया. भारत के इस कदमों से पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ था.

एक नजर

हरिशंकर टावरी बने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ बेमेतरा जिला संयोजक, बीजेपी कार्यकर्ताओ में हर्ष

साजा,14 फरवरी। पूर्व नगर पंचायत साजा अध्यक्ष हरिशंकर टावरी को .नगरीय निकाय प्रकोष्ठ बेमेतरा जिला संयोजक की नई जिम्मेदारी मिलने पर बेमेतरा जिले और साजा में बीजेपी कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर फेल गई है । तरुण छत्तीसगढ़ के प्राथमिकता के सवाल पर जिला संयोजक कहा की संगठन को मजबूत करना और नगरीय निकाय में जनता को जो मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है और जिसके लिए बीजेपी पार्षद आवाज उठाए ! प्रेरित किया जाएगा । कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज लगातार उठानी है जिसके लिए बीजेपी पार्षद ,कार्यकर्ताओ को प्रेरित करना है । 2023 में कांग्रेस की विदाई शतप्रतिशत तय है क्योंकि गांवों और शहरों में सिर्फ कागजों में विकास हो रहे है जिससे जनता तकलीफ में है ।

महाशिवरात्रि पर 18 फरवरी को निगम क्षेत्र में बंद रहेंगी मांस विक्रय की दुकानें

भिलाई नगर, 14 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 18 फरवरी 2023 दिन शनिवार को समस्त मांस विक्रय केंद्र तथा पशुवध गृह एवं जीव हत्या बंद रखे जाएंगे। भिलाई निगम ने निर्देश जारी करते हुए सख्ती से इसका पालन करने कहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 23 अगस्त 2006 एवं 12 अगस्त 2009 के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशु वध व मांस विक्रय केंद्र, महाशिवरात्रि पर्व के दिवस में बंद रखे जाएंगे। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने इसका आदेश प्रसारित कर दिया है।

परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर की गई विस्तार से चर्चा

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी कक्ष में आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास व अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद के सदस्य मालती ठाकुर, सीजू एंथोनी, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा एवं चंद्रशेखर गवई की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सफाई के ठेके को लेकर विस्तार से चर्चा की गई, इसके साथ ही निगम के जल कार्य विभाग में कुशल, अर्ध कुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने, सेक्टर 5 बीएसएनल ऑफिस के बाजू में 10 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य व सेक्टर 5 सड़क 15 में सड़क किनारे पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य को लेकर एमआईसी सदस्यों ने महापौर की अध्यक्षता में चर्चा की। एमआईसी की बैठक में निगम के उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा तथा खिरोद्र भोई आदि मौजूद रहे।

पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

भिलाई, 14 फरवरी। भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम कोकड़ी निवासी महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट किए जाने, चरित्र पर शंका करते हुए जान से मारने की धमकी देते की सूचना दर्ज कराई है नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि महिला कोकड़ी में रहती है। बीए फाइनल की पढाई की है। वर्ष 2015 में शादी ग्राम कोकड़ी के युवक प्रितेश महिलांग के साथ हुई थी, दो बच्चे हैं। करीबन 01 साल पूर्व उसके पति ने चरित्र पर संदेह कर मारपीट की थी। इससे परेशान होकर वह अपने मायके चली गयी थी। जुलाई 2022 में सामाजिक समझौता होने पर पति के साथ ससुराल ग्राम कोकड़ी में आकर निवास कर रही थी। शनिवार को शाम करीबन 4 बजे महिला के पति ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा, तो पत्नी ने मना कर दिया। इस पर आरोपी पति प्रितेश महिलांग अपनी पत्नी को गाली देते हुए चरित्र पर संदेह कर जान से मारने की धमकी दी।

घर में रखे बच्चों के क्रिकेट बेट से मारपीट की। मारपीट की सूचना महिला ने अपने मायके में अपने भाई पिता को दी। तब मायके वाले रविवार को कोकड़ी आये। पिता व भाई, भाभी के समक्ष पति ने फिर से अश्लील गालियां देते हुए चरित्र पर संदेह कर जान से मारने की धमकी देते हुए पुनः बेट से मारपीट की। मामले में आरोपी पति के खिलाफ 294, 323, 506 धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है

गांव-गांव पहुंच रही कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बोड़ला,14 फरवरी। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस शीर्ष केंद्रीय नेता श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में निकले गए भारत जोड़ो यात्रा के बाद पूरे देश में जनता के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम किया जा रहा है,छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी,कैबिनेट मंत्री श्री सअकबर भैया जी के कार्यो को जनता तक पहुंचने के लिए एवम कबीरधाम जिला प्रभारी श्री थानेश्वर पाटिला जी,कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष श्री नीलकंठ चंद्रवंशी जी के मार्गदर्शन में बंजारी माँ महामाया की विधिवत पूजा-अर्चना कर गंडईकला से गंडईखुर्द,बोइरकछरा, खुरमुंदा,नेउरगॉव होते हुए ग्राम पंचायत कुसुमघटा में समापन किया गया।**वही पदयात्रा को संबोधित बोड़ला ब्लाक अध्यक्ष श्री सपीताम्बर वर्मा जी,सउमेश चंद्रवंशी जी,श्री शिवप्रसाद वर्मा जी,सश्री अश्वनी वर्मा जी,कवर्धा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजना एवम 15 वर्षों में रमन सिंह अपना गृह जिला होते हुए भी कवर्धा के लिए कुछ नही कर पाया।कांग्रेस सरकार बनते ही महज 4 साल में कवर्धा के लोकप्रिय विधायक सभी के सुख दुख में साथ खड़े रहने वाले,अपने कामों से जाने वाले कैबिनेट मंत्री श्री अकबर भैया जी द्वारा कवर्धा विधानसभा में जो विकास किया है।उसमे सबसे पहले कवर्धा सकरी नदी पर पुलिया निर्माण,देश का पहला श्रश्रश्र मॉडल एथेनॉल प्लांट निर्माण,मेडिकल कॉलेज की नीव,सभी परिवार का राशन कार्ड,तेंदूपत्ता खरीदी,वन अधिकार पट्टा वितरण,सभी समाजों का भवन निर्माण,112 आदिवासी युवाओं को शिक्षक की नौकरी,तालाब में डूबने,साँप काटने पर मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग 4-4 लाख रुपये का चेक,किसानों के लिए तीन नवीन सहकारी बैंक की सौगात,सिल्हाटी में 132 केवी सब स्टेशन निर्माण,जैसे प्रमुख कार्यो को आम जनता को बताया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पौड़ी टीम विजेता, रवेली टीम उप विजेता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 14 फरवरी। ग्राम पोंडी के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ग्रामों की टीम ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शारीरिक रूप से मजबूत रहने के लिए खेल आवश्यक है। पोंड़ी में जिला स्तरीय क्रिकेट का आयोजन होना सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश तिवारी ने कहा कि हमारे जिले में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एक से बढ़कर एक खिलाड़ी हैं। कई खिलाड़ियों ने राज्य सहित राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। यह आयोजन का विशेष मार्गदर्शन एव सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू ने हारे हुए खिलाडियो का हौसला बुलंद करते हुए कहा की हमे हार से निराश नही होना चाहिए बल्की हमे सिख मिलना चाहिए और आगे जीत के लिए सुधार करना चाहिए उन्होने बताया की ईस आयोजन मे लगभग 30 गांव से खिलाडियो ने भाग लिया था उपस्थित जनपद पंचायत के पूर्व सभापति मुकेश वर्मा, सांसद के निज सहायक गजराज सिंह, दिलीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन फाइनल मैच पोंड़ी टीम व रवेली टीम के मध्य खेला गया। पोंड़ी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 192 रन बनाए। टीम के कप्तान अनिल साहू ने सर्वाधिक 73 रन बनाए। दूसरे इनिंग में बल्लेबाजी करने उतरी रवेली टीम ने 10 ओवर में 157 रन ही बना पाई। पोंड़ी टीम ने 38 रन से मैच जीत लिया। पोंडी टीम विजेता व रवेली टीम उपविजेता बनी। विजेता टीम पोंड़ी को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने 25 हजार रुपए व कप प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम रवेली को पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गणेश तिवारी ने 15 हजार रुपए व कप प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं मैन आफ द सीरीज, मैन आफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर खिलाड़ियों को कप व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया जिसमे रामभरोस यादव, सुरजीत गुप्ता, संजय साहू, गोकुल पाली, राजू खान, सतीश निषाद, आनंद निषाद, मोनू खान, सोनू मिरी, संतोष निषाद, राजा खान, सम खान उपस्थित रहे ।

चैतन्य बघेल ने किया सीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

भिलाई, 14 फरवरी। छत्तीसगढ़ क्रिकेट काउंसिल और वीर स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए पेशेवर क्रिकेट प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग का उद्घाटन अंबिकापुर, बिलासपुर के बाद भिलाई सेक्टर-1 क्रिकेट स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि उद्घाटन मैच हीरा सुपर पॉवर दुर्ग और एचटीसी भिलाई इंडियंस के मध्य खेला गया। दुर्ग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन 8 विकेट के नुकसान में बनाये। जिसमें आशुतोष राजा ने 67 और विवेक पांडे ने 15 रनों का योगदान दिया। एचटीसी भिलाई इंडियन की ओर से शौकत अली ने 3, रोहित तिवारी ने 2 विकेट हासिल किए। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भिलाई इंडियंस की टीम 91 रन पर ऑल आउट हो गई। दुर्ग की और से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए अनूप सिंह ने 4 एवं अमित ने 3 विकेट प्राप्त किए। इस प्रकार यह मैच हीरा सुपर पावर दुर्ग ने 55 रनों से जीता लिया। मैन ऑफ द मैच आशुतोष राजा 67 रन और 1 विकेट के कर शानदार प्रदर्शन को चुना गया। जिन्हे पुरस्कार भिलाई विधायक देवेंद्र यादव द्वारा दिया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर चैतन्य बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, एचटीसी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू, अचल भाटिया, जुनैद ढेबर, सुमित सिंह, आलोक ठाकुर, महेश बिसई, विवेक सिंह, नागेंद्र गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए।

सड़क दुर्घटना में सेल्समैन की मौत

भिलाई, 14 फरवरी। भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम देऊरझाल अहिवारा के समीप वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई नंदिनी पुलिस ने बताया कि रायपुर कोटा अंतर्गत कृषि दुकान में काम करने वाले सेल्समैन सुनील कुमार उपाध्याय (35 वर्ष) ऑफिस कार्य से रायपुर से गंडई जा रहा था, तभी ग्राम देउरझाल के पास गायों की लड़ाई के कारण वाहन अनियंत्रित हो गयी। इससे वाहन चालक सामने से आ रही ट्रक क्रमांक से सीजी 07 बीएम 7595 से जा टकराया। वाहन के नीचे आ जाने के कारण युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के शव को नंदिनी शासकीय अस्पताल लाया गया था। जहां मृतक की पहचान एतहार बिछोली भिंड मध्यप्रदेश के रूप में की गई है। घटना को सूचना परिजनों को दे दी गई। मामले में पुलिस ने धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है

आदर्श गांव आज के परिवेश में आवश्यक: विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई,14 फरवरी। हनोदा में शनिवार को आदर्श ग्राम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें ग्राम गौरव सम्मान, संयुक्त परिवार सम्मान, बुजुर्ग सम्मान, प्रतिभा सम्मान, नशा मुक्त परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह,जेल व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सभापति श्रीमती योगिता चन्द्राकर, दुर्ग जिला कुम्भकार समाज के अध्यक्ष महेश भंवरे, गोड़ समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चुरामन ठाकुर, सर्व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन,गायत्री परिवार के संरक्षक केके विनोद, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती लता ऋषि चन्द्राकर, जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू, गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष आरडी देशलहरा, जिला कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष बोधन यादव, कोसरिया मरार समाज दुर्ग राज के अध्यक्ष गया पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हंसा डेविड, सरपंच तेजराम चंदेल विशेष अतिथि थे। स्वागत भाषण में हिमांशु साहू ने बताया कि जन्मदिन मनाने की शुरुआत 2011 में स्वच्छता अभियान से हुई थी। फिर 2014 में 11 फरवरी को ग्राम के 54 परिवारों द्वारा शीतला तलाब में वृक्ष रोपे गए। उसी दिन को जीवंत बनाने व सभी समाजो में सामाजिक सद्भावना जगाने गायत्री परिवार द्वारा ग्रामीणों के साथ मिल कर हर वर्ष ग्राम जन्मोत्सव 11फरवरी को मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आदर्श गांव आज के परिवेश में आवश्यक है। सभी समाज के लोगों को जागरूक होना होगा। तभी आदर्श गांव की कल्पना शत प्रतिशत साकार होगी। उन्होंने कहा कि यहाँ के युवा संस्कार वान बने, तभी परिवार संस्कारित होगा। श्री बघेल ने ग्राम जन्मोत्सव कार्यक्रम को अनुपम कार्यक्रम बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत मे ग्राम जन्मोत्सव का पहला आयोजन है। पढ़ना लिखना ही आवश्यक नही है। संस्कार का ज्ञान भी जरूरी है। संस्कार घर से ही सीखना चाहिए। शिक्षा मानव जीवन के विकास के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, लता चंद्राकर, योगिता चंद्राकर, कृष्ण कुमार विनोद ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन देवीप्रसाद साहू ने किया। इस दौरान हनोदा सरपच तेजराम चंदेल , उपसरपंच प्रवीण चंद्राकर, भरत चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर, टीकम चन्द्राकर, कृष्ण कुमार टंडन, मनीष साहू, प्रकाश पटेल, यसवंत साहू, हिमासु साहू, राकेस साहू, थानेस्वर साह, गौकरण टंडन, अभय राम साहू अध्यक्ष साहू समाज,देवलाल ठाकुर अध्यक्ष गोंड़ समाज,जगमोहन कुर्रे अध्यक्ष सतनामी समाज,भूपेंद्र कुम्भकार अध्यक्ष कुम्भकार समाज,रामेश्वर यादव अध्यक्ष अध्यक्ष यादव समाज,सरवन पटेल अध्यक्ष पटेल समाज, देवी प्रसाद साहू,डॉ सी.एल.साहू, गौकरण टंडन,पंचराम कुम्भकार, युवा जन कल्याण संगठन के अध्यक्ष प्रकाश पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

इनका हुआ सम्मान

ग्राम गौरव सम्मान दीपक चंद्राकर(नयाब तहसीलदार),पर्यावरण संरक्षण सम्मान दानेश्वर यादव,प्रतिभा सम्मान मोनिका चंद्राकर एवं मोलिशा साहू,मेघा बंजारे चित्रकला सम्मान से सम्मानित किया गया।

सामान्य सभा में किया गया देवबलोदा महोत्सव की रूपरेखा का निर्धारण

भिलाई, 14 फरवरी। नगर पालिक निगम भिलाई-03, चरौदा सभागार में दिनांक 13-02-2023 की परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर द्वारा किया गया। महापौर निर्मल कोसरे सहित सभी महापौर परिषद के सदस्य बैठक में मौजूद थे। तथापि पक्ष-विपक्ष के पार्षदों द्वारा भी बैठक में हिस्सा लिया गया । देवबलोदा महोत्सव की रूपरेखा का निर्धारण तथा उसमें बुलाये जाने वाले मुख्य अतिथियों के चयन करने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाया गया था। बैठक में हुए निर्णय अनुसार महोत्सव प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी दो दिवसीय रहेगा। साथ ही जल्द ही विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिये गये समय के आधार पर उन्हे कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। सम्पूर्ण चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष से महापौर निर्मल कोसरे, मनीष वर्मा, ईश्वर साहू, मोहन साहू एवं विपक्ष से फिरोज फारूकी, तुलसी ध्रुव, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, ललित यादव, विपिन चन्द्राकर, राम खिलावन वर्मा शामिल होकर विषय पर विस्तार पूर्वक अपने पक्ष को रखा।

ब्राम्हण समाज हर वर्ग को आशीर्वाद दे उनके जीवन के उद्धार की कामना करता है: प्रेमप्रकाश

भिलाई, 14 फरवरी। सरयूपारिय ब्राह्मण समाज की पत्रिका ब्रह्मप्रकाश की पत्रिका ब्रह्मप्रकाश का विमोचन समारोह 12 फरवरी को समाज के भवन स्मृति नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश पाण्डेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे थे। विशिष्ठ अतिथि डॉक्टर सुधीर शर्मा विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग कल्याण महाविद्यालय थे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान ब्रह्मा जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में कुमारी प्रतिष्ठा एवं कुमारी मुस्कान द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शिव स्तुति, कृष्ण स्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन के के प्यासी, रवि शुक्ला ने किया। स्वागत भाषण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने दिया। उन्होंने कहा कि आज बड़े ही गर्व की बात है कि समाज के रत्न हमारे बीच उपस्थित हैं। जो की ब्रह्मा, विष्णु, महेश के प्रतिरूप हैं। प्रकाशन प्रभारी नागेन्द्र पाण्डेय ने भी पत्रिका को बहुआयामी पत्रिका बतलाया। उन्होंने कहा यह पत्रिका समाज के बहुत ही उपयोगी साबित होगी और हमारे इतिहास को जीवंत रखेगी। यह पत्रिका विगत 12 वर्षों से प्रकाशित की जा रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ब्राह्मण ने सदैव अपनी बुद्धि से समाज के हर वर्ग को आशीर्वाद देकर उनके जीवन के उद्धार की कामना ईश्वर से की है। मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्राह्मण सदैव शास्त्र और शस्त्र दोनो में निपुण रहा। हमने शिक्षा देकर राजा भी बनाए हैं और बने भी हैं। ब्राह्मण समाज ने सदैव सभी समाज को दिशा प्रदान किया है। अंत में अतिथियों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर जानकी शरण पांडे, केएल तिवारी, चंद्रशेखर पांडे, जे एन तिवारी, राजमणि दुबे, उमेश शुक्ला, प्रदीप पांडेय, रवि शुक्ला, अखिलेश त्रिपाठी, शशि सुरेंद्र दुबे, शशि प्रभा मिश्रा, सुनीता दुबे, विभा मिश्रा, लक्ष्मी मिश्रा, निधि मिश्रा, रामायण मिश्रा, राजेंद्र दुबे, डॉक्टर रमेश द्विवेदी, ब्रजेश त्रिपाठी, रामविलास मिश्रा, सुनील मिश्रा, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, अमित मिश्रा, विजय नारायण द्विवेदी, डॉक्टर गणेश पांडे, दीपक मिश्रा, अंजनी दिवेदी सहित समाज के समस्त सदस्य गण उपस्थित थे।

अभा इस्पात चिकित्सा अधिकारी सम्मेलन का समापन

भिलाई, 14 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के तत्वाधान में अखिल भारतीय इस्पात चिकित्सा अधिकारी सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया। इसके अंतिम दिन सत्र की शुरुआत डॉ सी नरसिम्हन (इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी के प्रमुख और एसई सलाहकार कार्डियोलॉजी, एआईजी अस्पताल, हैदराबाद) द्वारा 21 वीं सदी में एक चिकित्सक के लिए चुनौतियां पर अतिथि व्याख्यान के साथ हुई। इसके पश्चात क्विज मास्टर एवं शिपिंग कारपोरेशन के पूर्व निदेशक (कार्मिक) एस पी एस जग्गी तथा महाप्रबंधक (संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क) जैकब कुरियन द्वारा बेहद रोचक व ज्ञानवर्धक मेडिकल क्विज का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण के लिए मंच पर सभी इस्पात संयंत्रों के चिकित्सा विभाग के सभी प्रमुख डॉ एम रवींद्रनाथ (सीएमओ प्रभारी, भिलाई स्टील प्लांट), डॉ प्रमोद बिनायके (सीएमओ, भिलाई स्टील प्लांट), एमवाई सुरेश (सीएमओ, भद्रावती) और डॉ मिनाती पाल (एसीएमओ, दुर्गापुर) उपस्थित थे। विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं में शामिल हैं ।

भारतीय जनता पार्टी मध्य मण्डल पाटन की कार्यसमिति की बैठक में मिशन 2023 पर चर्चा

उतई, 14 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश एवं दुर्ग जिला भाजपा के मार्गदर्शन पर मध्य मंडल भाजपा कार्यसमिति की बैठक मंडल भाजपा अध्यक्ष खेमलाल साहू की अध्यक्षता में पाटन में सम्पन्न हुआ । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल ने कहा कि पाटन विधान सभा को हर हाल में जितना है जिसके लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कमरकस के तैयार हो जाये । मेरा बूथ सबसे मजबूत इस मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए बूथ अध्यक्ष से लेकर बूथ में निवासरत प्रदेश, जिला और मण्डल स्तर के पदाधिकारी पूरी तन्मयता के साथ काम पर लग जाये । विधानसभा प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि जनता से सीधा सवांद स्थापित करते हुए काम करे द्य।केंद्र सरकार की योजनावो को घर घर तक पहुचाने में जनता की मदद करे द्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करे । जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया राज्य शासन की विफलता को जनता को बताने के लिए जनआक्रोश रैली निकाला जाएगा द्य छत्तीसगढ़ की कांग्रेस शासन ने गरीबो का प्रधानमंत्री आवास को रोककर छलने का काम किया है । छत्तीसगढ़ की बोली भाली जनता के साथ विस्वासघात किया है द्य अध्यक्षता कर रहे खेमलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने पहले जनता को छत्तीस घोषणा करके जो वादा किया था उसका ऐसा कोई घोषणा नही जो धरती पर दिख रहा हो द्य महिलाओं के विश्वास को धोखा दिया पूर्ण शराबबंदी के नारा देने वाली कांग्रेस घर घर शराब पहुंचाने का काम कर रही है । वृद्धा पेंशन , बेरोजगारी भत्ता, चिटफंड कंपनी का पैसा वापसी, जैसे अनेकों ज्वलनशील मुद्दा है जिसे पूरा करने में शासन नाकाम रही है । जिस जनता ने सर पर बिठाया अब वही जनता उसको सत्ता से बेदखल करने का इंजतार में है द्य पूरे देश का पहला राज्य है जहां नब्बे शासकीय कर्मचारियों के संगठन द्वारा लगातार हड़ताल करते आ रही है ये शर्म करने वाली बात है द्य मण्डल प्रभारी देवेंद्र चंदेल ने बताया कि पार्टी ने मुझे मध्यमण्डल का प्राभारी बनाकर भेजा है निश्चित रूप से मध्यमण्डल के अस्सी बूथ में जीत का परचम लहरायेंगे । संगठन को मजबूत करके बेहतर ढंग से काम करेंगे । बैठक को श्रीमती हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे विधानसभा में भाजपा की जीत ही लक्ष्य है जिसे साकार करने के लिए महिलाओं की अग्रणी भूमिका रहेगी जिसके लिए हम दिनरात मेहनत करेंगे । बैठक को लालेश्वर साहू मण्डल अध्यक्ष दक्षिण लोकमनी चन्द्राकर मण्डल अध्यक्ष उत्तर, राजू निषाद अध्यक्ष कुम्हारी ने भी संबोधित किया । आभार प्रदर्शन हर्ष भाले ने किया । बैठक में प्रमुख रूप से कैलाश शर्मा पूर्व विधायक, छगनलाल साहू सहप्रभारी, रूपसिंह सिन्हा जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रोहित साहू प्रभारी दक्षिण मण्डल, श्रीमती उपासना चन्द्राकर जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, कु आयुषी पांडे, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी म मो, उपकार चन्द्राकर महामंत्री प्रदेश भाजयूमो, सुरेंद्र साहू, हर प्रसाद आदिल जिला महामंत्री,केवल देवांगन जिला मंत्री, कुणाल शर्मा अध्यक्ष भाजयुमो, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, भागवत सिन्हा, होरीलाल देवांगन, अखिलेश मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, देवानन्द निषाद, रमेश देवांगन, डॉ सुरेश साहू, पारखत साहू, टीकाराम देवांगन, श्रीमति निशा सोनी, रानी बंछोर, श्रीमती चन्द्रिका साहू, बाबा वर्मा, जय वर्मा, सुनील वर्मा, सागर सोनी, नेहरू प्रसाद बंजारे, मनेंद्र वैष्णव, डोमार सिंह वर्मा, तुलाराम साहू, संतोष घिरवानी, मोहित साहू, महेंद्र यदु, लीलागर यदुवंशी, सुजान सिंह वर्मा, दौवराम वर्मा, परमेश्वर निषाद, नारायण साहू, लोकेश्वर साहू, कीर्तिकुमार नायक, राजेन्द्र वर्मा, शंकर यदु, गुरुदेव यादव, राजेन्द्र साहू, भास्कर वर्मा, लखन लाल साहू, अजय वैश्रवण, ध्रुव कुमार वर्मा, देवचरण कौशल, खोरबाहरा साहू, सुनील वर्मा, संतोष सिन्हा, जेठमल जैन, अंगेरा सिन्हा, मुन्नपाल, तामेश्वर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

एक नजर

हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा विभिन्न गांवों में निकाली गई

राजनांदगांव 14 फरवरी। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोथीपार खुर्द नयापारा भोथीपार खुर्द पुराना पारा सुरगी कुम्हालोरी बेल्टिकरी में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा किया गया जिसमें केंद्र सरकार की विफलता एवं छत्तीसगढ़ सरकार के विभिन्न प्रकार के योजनाओं का आमजन लोगों तक पहुंचा कर बताया गया और आने वाले विधानसभा में कांग्रेश को वोट देने के लिए किया गया राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी योगेन्द्र दास वैष्णव अध्यक्ष घनश्याम देवांगन उपाध्यक्ष मंडी अजय मार्कंडेय बीस सूत्रीय समिति सदस्य महेश्वर साहु गोपीचंद गायकवाड़ सरपंच दिव्या केशव हिरवानी भुषण प्रसाद निषाद हेमंत साहु गुमान ढीमर कृत लाल पटेल रवि साहु थानु पटेल सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

कैट ने लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

रायपुर 14 फरवरी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि 15 फरवरी दिन बुधवार को शाम 3:30 बजे कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में कैट सी.जी. चैप्टर एवं लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वाधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश एमएसएमई प्रभारी श्री मोहम्मद अली हिरानी ने बताया कि 15 फरवरी दिन बुधवार को शाम 3:30 बजे कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में कैट सी.जी. चैप्टर एवं लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वाधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा। उपरोक्त कार्यशाला में श्री राजीव एस जी, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई -डीएफओ, रायपुर, श्री उमेश प्रसाद जी, सहायक निदेशक, एमएसएमई -डीएफओ, रायपुर, सीए इकबाल फरिश्ता, श्री अर्जुन सिंह जी, वरिष्ठ प्रबंधक यूको बैंक, श्री अमर पारवानी जी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंड़िया ट्रडर्स (कैट) विशेष रूप उपस्थित रहेगें। एमएमएमई में जो नये प्रावधान आये है, जिसकी जानकारी अधिकारियो द्वारा दी जायेगी । सभी व्यापारियों से अनुरोध है, कि उपरोक्त कार्यशाला में जरूर पधारें ।

रियलमी ने 5-जी कोका-कोला एडिशन पेश किया

रायपुर 14 फरवरी। सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने विश्वप्रसिद्ध सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड, कोका-कोला के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत इसने सबसे बेहतरीन स्मार्टफोन, रियलमी 10 प्रो 5जी कोका-कोला एडिशन बनाया है। यह लिमिटेड एडिशन स्मार्टफोन 8जीबी128जीबी वैरिएंट में है, और इसका मूल्य 20,999 रु. है। इस साझेदारी द्वारा टेक्नॉलॉजी और लाईफस्टाईल का संगम होकर ग्राहकों के लिए बेहतरीन और मनोरंजक अनुभव का निर्माण हुआ है।

गोदरेज ने महत्वपूर्ण नवाचार के जरिए घरेलू कीटनाशक प्रारूपों को सर्वसुलभ बनाया

रायपुर 14 फरवरी। मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) द्वारा विकसित दो स्वदेशी नवाचार - दुनिया का सबसे कम लागत वाला लिक्विड मॉस्किटो रिपेलेंट डिवाइस और नो-गैस इंस्टेंट मॉस्किटो-किल स्प्रे को नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल, मलेरिया नो मोर इंडिया, फोर्टिस हॉस्पिटल इंडिया आदि के विशेषज्ञों की मौजूदगी में लॉन्च किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय टूर्नामेंट के विषय में चर्चा

रायपुर 14 फरवरी। मुरारका ने प्रेस से कहा की पांच दिवसीय एनटीपीसी फाइनल रैंकिंग टूर्नामेंट यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली 9 से 13 फरवरी 2023 आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष एवम केंदीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी दिल्ली प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष वर्तमान सांसद मनोज तिवारी जी दिल्ली के ही बीजेपी सांसद बिधूड़ी जी दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा जी तीरंदाजी के राष्ट्रिय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका तथा साई के हाई पर फारमेंस डायरेक्टर संजीव जी संयुक्त रूप से फाइनल टूर्नामेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इसी दिन भारतीय तीरंदाजी संघ के एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक भी आयोजित की गई थीं इस कमेटी में संविधान में कुछ बातों को संशोधित किया गया 2023 के राष्ट्रीय टूर्नामेंट के विषय में चर्चा की गई 2023 के टूर्नामेंट सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ को आवंटित किया गया इस अवसर पर गोवा के चेतन जी महाराष्ट्र प्रमोद चंदुलकर जी, मध्यप्रदेश से विद्यार्थी जी, 10प्रदेशों के एग्जीक्यूटिव मेंबर उपस्थित रहे। सभी ने अपनी बात रखी अंत में सभी का साल श्रीफल देकर दिल्ली प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन ने स्वागत कर कार्यक्रम का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर में अपार संभावना: मुख्यमंत्री

जशपुर का प्राकृतिक सौन्दर्य और मौसम खुशनुमा

रायपुर, 14 फरवरी। जशपुर का प्राकृतिक सौन्दर्य और मौसम खुशनुमा मुख्यमंत्री ग्राम मयाली में आयोजित युवा महोत्सव 2023 में हुए शामिलस्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे हैं, बेहतर कार्य मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम मयाली में आयोजित युवा महोत्सव 2023 के कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर प्राकृतिक रूप से बहुत ही सुन्दर है। यहां का मौसम बहुत ही खुशनुमा है और यहां का

मयाली महोत्सव इसमें चार चांद लगा रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में भी जशपुर जिले में अपार संभावना को देखते हुए पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए अब देश और विदेश के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जिलेवासियों को 230 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यो की दी सौगात। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 176.74 करोड़ रूपए के 45 कार्यों का शिलान्यास एवं 53.96 करोड़ रूपए के 45 कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को पट्टा, चेक और सामग्री वितरित की।

मयाली महोत्सव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृह एवं लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, लोक स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक श्री यू.डी.मिंज, जशपुर विधायक श्री विनय भगत, रायगढ़ विधायक श्री प्रकाश नायक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव स्थल पर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है। निश्चित रूप में नई दिशा में हम सब आगे बढ़ रहे हैं। किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण माफी और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और लघु वनपज की खरीदी एवं वैल्यूएडिशन से आम लोगों को और किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 14 फरवरी से 3 मार्च तक शिविर

राजनांदगांव 14 फरवरी। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 14 फरवरी 2023 से 3 मार्च 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 14 फरवरी को बजरंगपुर वार्ड नं. 01 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में, 15 फरवरी को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व राम नगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में तथा 16 फरवरी को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में व महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिवमंदिर शांति नगर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन भी किया जायेगा।

केन्द्र की गलत नीति के चलते देश में महंगाई बेलगाम:कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 फरवरी। भारत सामाजिक व आर्थिक खुशहाली के साथ समृद्ध हो हर हाथ को काम मिले, युवाओं को रोजगार मिले, छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योगों को प्रोत्साहन मिले इन्हीं उद्देश्यों को लेकर कांग्रेस के शीर्षनेतृत्व द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई उस संदेश को हर घर तक पहुंचाने कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है और हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से हर बूथ तक पहुंचकर आमजन मानस तक पहुंचा रहे।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार व शहर जिला कांग्रेस प्रभारी श्री अरूण सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार छग अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी श्रीकिशन खंडेलवाल के सानिध्य व दक्षिण ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में दक्षिण ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 43 व 46 एवं बूथ क्रमांक 50, 52, 53 व 55 में बसंतपुर रोड बग्गा पेट्रोल पंप के पास से

यात्रा निकली जो भवानी नगर, विवेकानंद स्कूल से बंगाली चाल से गोंडपारा, भुवन हलवाई से पार्षद गली से क्लब चैक से बाजार चैक से महामाया चैक से तेलीपारा, डबरीपारा से कोढ़ीखाना रोड से केजू डॉक्टर गली से साहू डॉक्टर से बिसाहिन गली से होते हुए हनुमान मंदिर से आरा मशीन चैक में पप्पु धकेता पार्षद कार्याल में यात्रा का समापन हुआ। हाथ से हाथ जोड़ो के तहत यात्रा लगभग 12 किलोमीटर तक चली। यात्रा के दौरान वार्ड 43 में विशेष रूप से उत्तर ब्लॉक यात्रा प्रभारी शारदा तिवारी, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, राकेश जोशी, ललित मरकाम, कमलकांत डोंगरे, विशु अजमानी एवं वार्ड 46 में निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, राजा यादव, बूथ अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, संजय साहू, प्रवीण मेश्राम, नागेश यादव, विनोद यादव, परदेशी यादव की सक्रिय भूमिका रही।

हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेसजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डा.रमन सिंह के कार्यालय पहुंचे जहां पर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का संदेश पत्र व आरक्षण पत्र देकर छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार की जनहितकारी योजनाओं की पुस्तिका भेंट की।

हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त राजनांदगांव शहर प्रभारी श्री धनेश पाटिला ने कहा कि बंद करो अत्याचार मोदी जी महंगाई से देश की जनता हताश और परेशान है। आज मजदूर, गरीब को दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है और आप चंद पूंजीपतियों से मित्रता निभाने में लगे है। जिस कारण आज देश में महंगाई बेलगाम हो चुकी है। यात्रा के दौरान उजार्वान नेतृत्वकर्ता कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज केन्द्र सरकार की कुनीतियों के चलते घर का राशन महंगा हो गया है, शिक्षा महंगी हो गई, स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है आम जनता महंगाई से मर रही है गैस के दाम आसमान छू रहे हैं, खाद्य के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो चुकी है लेकिन नरेन्द्र मोदी के खास पूंजीपति मित्र कैसे कुछ ही महीनों में इतने कुछ पायदान पर आ गए इसका जवाब नरेन्द्र मोदी क्यों नहीं देते उन्होंने कहा कि केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। उनका आम जनता के हित से कोई सरोकार नहीं है। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि हम हाथ से जोड़ो यात्रा के माध्यम से घर-घर तक पहुंचेंगे और जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होगी सदैव प्रयासरत रहेंगे।

अजय मंडावी की कला से पूरे प्रदेश को मिली नई पहचान

रायपुर 14 फरवरी। काष्ठ शिल्प के सिद्धहस्त कलाकार, पर्यावरणविद और समाज सुधारक अजय मंडावी कांकेर जिले का गौरव हैं। आदिवासी समुदाय के इस कलाकार की अद्भुत कला और शिल्प से पूरे प्रदेश को नई पहचान मिली है । एक साधारण आदिवासी गोंड़ परिवार में जन्में मंडावी का रूझान बचपन से ही कला की ओर रहा । गांव में नदी किनारे छोटे छोटे नाव बनाने, गणपति की मूर्ति बनाने से उनकी कला यात्रा की शुरूआत हुई। आने वाले वाले वर्षो में अपने जुनून और प्रतिभा के बल पर उन्होने असंभव दिखने वाले कई कार्यो को मूर्त-रूप दिया।किसी भी प्रकार के विधिवत प्रशिक्षण और किसी तरह की आर्थिक सहायता के बिना, अपने ही सीमित संसाधनों से उन्होंने कला के क्षेत्र में जिन उंचाईयों को उन्होंने छुआ है, वह आने वाली पीढी के लिये निश्चित ही प्रेरणास्पद है। अजय मंडावी के विरले व्यक्तित्व और अनूठी कला की प्रेरणा, कांकेर के स्थानीय विद्यार्थियों के साथ-साथ जेल में कैद, बंदियों के जीवन की दिशा को सृजनात्मक तरीके से बदलने में भी कारगर सिद्ध हुई। इसी प्रेरणा के सहारे अजय मंडावी ने सीमित संसाधनों के साथ अपने असीमित स्वप्नों को साकार करने की उड़ान भरी। उनकी प्रेरणा से आज लगभग

400 युवाओं ने अपराध और हिंसा का रास्ता छोड़कर शिल्पकला को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना लिया है। इस लिहाज से यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी, कि अजय मंडावी, व्यक्तिगत रूप से सैकड़ों कैदियों का पुर्नवास करने वाले देश की इकलौती शख्सियत हैं। इनमें बहुत से माओवादी विचारों से प्रभावित कैदी भी शामल है। अजय मंडावी जैसे सिद्धहस्त गुरु के सान्निध्य में छैनी-हथौड़ी से एक लकड़ी के टुकड़े पर अक्षर उकेरते हुए बंदियों को प्रत्यक्ष देखकर ऐसा प्रतीत होता है, मानो ये बंदी अपने भीतर की हिंसात्मक मनोवृतियों को भी काट-छांट कर अपने जीवन को सृजनात्मक स्वरूप प्रदान कर रहे है। जब कोई भी कला या शिल्प, एक हिंसक अपराधी के मन-मस्तिष्क को कायांतरित करके संवेदनशील मनुष्य और फिर उससे भी आगे एक बेहतरीन कलाकार बना दे, तो यहीं पर आकर कला अपने उच्चतम शिखर को प्राप्त कर लेती है, जिसे अजय मंडावी ने अकेले ही संभव कर दिखाया है। अपनी कला की यात्रा में अजय मंडावी ने अनेक सुंदर प्रतिमानों को गढ़ा, और बहुत सी वर्जनाओं को तोड़ा भी । उनकी कला यात्रा में गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, लिम्का बुक आफ रिकार्ड सहित कामयाबी और शोहरत के बहुत से चमकीले और यादगार मुकाम आते रहे हैं। लेकिन वे खुद अपना योगदान उसी प्रयास को मानते है, जिसमें कला के माध्यम से कोई भटका हुआ आदिवासी युवा अपराध और हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा मे शामिल हो जाता है । उनकी आत्मा की यही सुवास, मद्धिम मुस्कान के साथ उनके चेहरे और जीवन में सहज रूप से परिलक्षित होती है । शानदार व्यक्तित्व के धनी और काष्ठशिल्पकार अजय मंडावी कई सौ युवाओं के लिए मार्गदर्शक के रूप में गुरूजी के नाम से जाने जाते है ।

बेस्ट फिल्म का अवार्ड, चल हट कोनो देख लिही को मिला

रायपुर, 14 फरवरी । रंगझांझर सिने अवार्ड के रंगारंग आयोजन में वर्ष 2022 की बेस्ट फ़िल्म का अवार्ड चल हट कोनो देख लिही को मिला और बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड सतीश जैन के नाम हुआ व बेस्ट एक्टर का अवार्ड मन कुरैशी को फ़िल्म मिस्टर मजनू और बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड अनिकृति चौहान को फ़िल्म चल हट कोनो देख लिही के लिए व बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवार्ड मनीष मानिकपुरी को फ़िल्म मार डारे मया म के लिए दिया गया। लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड संतोष जैन, विनायक

अग्रवाल, मोहन सुंदरानी को दिया गया।अवार्ड समारोह में कला के क्षेत्र में पद्मश्री, पद्मविभूषण प्राप्त सम्मानित कलाकारों को भी सम्मानित किया गया व राष्ट्रीय फ़िल्म पुरुस्कार से सम्मानित फ़िल्म 'भूलन द मेज' के लिए फ़िल्मकार मनोज वर्मा का सम्मान किया गया। रंगझांझर सिने अवार्ड में पत्रकारों व छायाकारों का सम्मान भी किया गया।छत्तीसगढ़ फ़िल्म इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल व रंगझांझर छत्तीसगढ़ी फ़िल्म स्टार नाइट के डायरेक्टर राजेश मिश्रा के द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक रायपुर दक्षिण बृजमोहन अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि पद्मभूषण तीजन बाई शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन पश्चात राजगीत के साथ हुआ। रंगझांझर सिने अवार्ड कार्यक्रम में पत्रिका रंगझांझर समारोह विशेषांक का विमोचन भी किया गया, जिसका संयोजन फ़िल्मकार अनुपम वर्मा के द्वारा किया गया है।सिने अवार्ड के साथ ही म्यूजिक एलबम अवॉर्ड की घोषणा भी की गई, जिसमें मोहनी को बेस्ट एलबम ऑफ द ईयर2022 मिला व अन्य 11 श्रेणियों में रंगझांझर अवार्ड दिया गया।

जीवन जीने में कोई कष्ट नहीं होता, संयमी जीवन जीने का प्रयास करें : स्नेह यशाजी

रायपुर 14 फरवरी। सकल जैन समाज की ओर से 21 दिवसीय भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन 15 मार्च से रायपुर में किया जा रहा है। 4 अप्रेल तक चलने वाले इस महोत्सव के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महोत्सव के तहत भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति 2023 के कार्यालय का उद्घाटन सकल जैन समाज के सभी घटकों के अध्यक्षों के साथ पूर्व मंत्री राजेश मूणत के द्वारा किया गया। जिसमें सभी गणमान्य नागरिक, विशिष्टजन और पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर परम पूज्य साध्वी स्नेह यशा जी मसा ने कहा कि भगवान महावीर के बताए गए सिध्दांतों के अनुसार जीवन को जीने में किसी भी प्रकार का कोई कष्ट या कोई समस्या नहीं आती है। हमें अपने जीवन को संयमी जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए। महावीर जयंती हर साल आती है ताकि हम पूरी ऊर्जा के साथ भगवान महावीर द्वारा बताए गए सिध्दातों के अनुरूप अपने आप को और आगे की दिशो में काम करने के लिए ऊर्जावान बनाए और सेवा के कार्यो के लिए ज्याादा से ज्यादा लोगों को जोड़ सकें। समिति के मुख्य संरक्षक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा जैन समाज सिर्फ अपने लिए चिंता नहीं करता बल्कि वो सभी समाज के लिए अपनी सेवाओं के माध्यम से लोगों की चिंता करता है। अपने प्रयत्न में और आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यालय बोर्ड का अनावरण किया गया। फिर भगवान महावीर के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित की गई। पूरा कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्री सुशील कोचर, धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री विजय गंगवाल ने किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष श्री मनोज कोठारी, श्री ऋषभदेव जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विजय जी कांकरिया, श्री प्रेमचंद लुनावत, संजय गिड़िया, कमल भंसाली, ललित चौरड़िया, गौतमचंद गोलेछा, संतोष बैद, महेंद्र कोचर, लोकेश चंद्रकांत जैन व अन्य सभी गणमान्य उपस्थित थे।

गोकुल नगर रोड, कौरिन भाठा में अवैध प्लाटिंग की तैयारी पर खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का लगाया बोर्ड, संबंधित को नाटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 14 फरवरी। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने जिलाधीश श्री डी. सिंह द्वारा भी निर्देश दिये गये है। नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, पूर्व में कौरिनभाठा, चिखली ,बर्फानी आश्रम,रेवाडीह, लखोली क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का

निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही की कडी में आज गोकुल नगर रोड कौरिनभाठा के पास रिक्त भूमि खसरा नं. 354/18 रकबा 0.1700 हे., खसरा नं. 354/23 रकबा 0.1540 हे. व खसरा नं. 354/26 रकबा 0.0200 हे. में श्री गिरधर गोपाल आ. श्री जीवन लाल महेश्वरी द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही तैयारी की जानकारी होते ही नगर निगम द्वारा उक्त प्लाट में खरीदी बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया तथा संबंधितो को नोटिस भी दिया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, इसके अलावा जिलाधीश महोदय द्वारा भी बैठक में अवैध प्लाटिंग की समीक्षा कर निर्देश दिये गये थे कि जहाँ अवैध प्लाटिंक की जा रही है वहा निरंतर कडी कार्यवाही की जावें। निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है।

सूर्या ने बिजली बचत करने वाले पंखे उतारे

रायपुर 14 फरवरी। बीईई मानकों के तहत कंपनी ने सीलिंग पंखे की श्रेणी में ऊर्जा कुशल मॉडल पेश किया है। ऊर्जा कुशल पंखे की रेंज विशेष रूप से कम बिजली खपत पर काम करने के लिए डिज़ाइन की गई है जो उपभोक्ताओं को बिजली की लागत घटाने में मदद करती है और ऊर्जा संरक्षण में मदद करती है । सूर्या रोशनी लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप और पीवीसी पाइप के लिए भारत में सबसे सम्मानित और भरोसेमंद ब्रांडों में से एक, अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने के लिए अपने अनुभव, तकनीक और नवाचार का उपयोग निरंतर कर रही है। कम्पनी द्वारा लॉन्च किए गए नए, उच्च ऊर्जा कुशल ब्लेज़ एचएस स्टार 48 और एचपीएलवी सीलिंग पंखे को खरोंच प्रतिरोध, सुचारू संचालन और हवा को ज्यादा फैलाने के लिए डबल बॉल बेयरिंग एवं बेहतर पेंट फिनिश का उपयोग करके खास रूप से डिजाइन किया गया है।

छात्र-छात्राओं को परीक्षा में भय एवं तनावमुक्त रहने के लिए मोटिवेट किया गया

नगरी 14 फरवरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में ब्रह्माकुमारीज द्वारा आगामी परीक्षाओं मे लिए भय मुक्त व तनाव मुक्त रहने के लिए मोटिवेशनल स्पीच दिया गया उक्त अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी, ब्रम्हाकुमारी भावना बहन, ब्रम्हाकुमारी साधना बहन, निशा बहन तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनीभा अग्रवाल, सुश्री एस. पटेल, श्रीमती के. साहू, श्रीमती पी. साहू, श्रीमती के. खापर्डे, एस. साहू, पी.एल. साहू एस. के. साहू, एस. महमल्ला एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित हुए धमतरी से आई हुई आदरणीय राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित करो और सभी दूसरे विचार को अपने दिमाग से निकाल दो यही सफलता की कुंजी है सफलता उन्हीं को मिलती है जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और उसे हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हैं कड़ी मेहनत और समर्पण सफलता की यात्रा का एकमात्र मंत्र है उत्साह और कड़ी मेहनत के बिना कोई भी परीक्षा में सफलता हासिल नहीं कर सकता इतिहास गवाह है कि जो लोग हार नहीं मानते वे अंततः सफलता को प्राप्त करते हैं समय को व्यर्थ बातों में बर्बाद करने के बजाय अपने लक्ष्य को साकार करने के लिए अपने क्षमता के अनुरूप मेहनत करें जीवन में सभी को परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है श्री राम ने भी आश्रम में रहकर शिक्षा प्राप्त कर परीक्षाएं दी थी पांडवों को भी परीक्षाओं के दौर से गुजरना पड़ा था कोई भी व्यक्ति बिना परीक्षा के महान नहीं बन सकता आगामी परीक्षा से आपको घबराना नहीं है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अद्वितीय क्षमता और सीमाओं के साथ पैदा हुआ है अपनी क्षमताओं को पहचान कर निरंतर अभ्यास से परीक्षा में सफल हो पाएंगे आपका भरोसा और धैर्य आपकी परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने के लिए अच्छे उपकरण है इन सभी के लिए हमें मानसिक तौर पर एकाग्रचित्त व सशक्त बनना होगा और उसके लिए हमें नित मेडिटेशन करना होगा और उस परमपिता परमात्मा से जो सर्वगुण व शक्तियों का स्रोत है।

ग्राम पंचायत चुनाव को दो साल आगे बढ़ाने की उठ रही मांग

पंचायतों से काम नहीं कराया जा रहा, गांवों का कैसे होगा विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खैरागढ़ 14 फरवरी। केसीजी जिले सहित छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायतों के प्रति राज्य की कांग्रेस सरकार ने बायकाट कर लिया है ऐसा हम नही कह रहे हैं बल्कि राज्य सरकार के द्वारा अपने द्वारा किये गए घोषणा के विपरीत निकाले गए आदेश से स्पष्ट हो रहा है कि ग्राम पंचायतों के विकास पर राज्य सरकार या तो गंभीर नहीं है या फिर ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने की मंशा के चलते ग्राम पंचायतों से गाँव के निर्माण कार्य नही कराना चाहती है बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायती राज में ग्राम पंचायत सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण ईकाई है जहां ग्राम न्यायालय मे ग्राम पंचायतों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सुधार तथा ग्रामीण मुलभुत आवश्यकता की पूर्ति करने से लेकर ग्राम पंचायत के मजदूरों को ग्राम पंचायत में मनरेगा के माध्यम से मजदूरी मूलक कार्य कराए जाते हैं तथा इस पंचवर्षीय में लगभग ढाई साल कोरोनाकाल के चलते ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों को कोरोनाकाल के बावजूद पँचायत प्रतिनिधियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मजदूरों को राशन मुहैया कराया साथ ही प्रवासी मजदूरों की देखभाल करते हुए मजदूरों को मनरेगा योजना में काम दिलाया जिसमे कई सरपंचो को कोरोना भी हुआ लेकिन गाव की जिम्मेदारी के चलते उन्होंने कोरोना वारियर्स के रूप में अपना पूरा फोकस करते हुए गाव को प्रतिदिन सेनेटाइज करवाया इस दौरान पँचायत प्रतिनिधियों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ा है बावजूद इसके राज्य सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास को ध्यान नहीं देना इस बात को प्रतीत कर रहा है कि बिल्डिंग ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने के मकसद से स्कूलों में मरम्मत सहित निर्माण कार्य कराने हेतु आदेश निकाला गया है ग्राम पंचायत टेकापारकला सरपंच राजेश सिंह बाबा, ग्राम पंचायत पाण्डादाह सरपंच प्रतिनिधि संजय यदु, ग्राम पंचायत जालबांधा युवा सरपंच दीनदयाल उर्फ दीनू सिन्हा,ग्राम पंचायत सिंगारघाट सरपंच प्रतिनिधि बैतल साहू, ग्राम पंचायत अवेली सरपंच प्रतिनिधि डोरेलाल साहू सहित अन्य सरपंचो ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा पचास लाख रुपये तक के निर्माण कार्य को ग्राम पंचायतों के माध्यम से आदेश जारी किए गए हैं बावजूद इसके वर्तमान में स्कूलों में ग्राम पंचायतों से काम नही कराने का आदेश से स्पष्ट होता है कि ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने के मकसद से ग्राम पंचायतों को अलग किया गया है साथ ही कांग्रेस नेताओं के द्वारा इस महत्वपूर्ण मामले में अभी तक कोई भी पहल नहीं किया जा रहा है गौरतलब है कि इसी साल विधानसभा चुनाव होना है तथा ग्राम पंचायतों के प्रति दोहरा चेहरा सामने रखने से कांग्रेस को तगड़ा झटका लग सकता है लेकिन यदि राज्य सरकार ग्राम पंचायतों के हित को देखते हुए ग्राम पंचायत चुनाव को महज दो साल बढ़ा देती है और ग्राम पंचायतों के अंदर सभी कार्यो को ग्राम पंचायतों के माध्यम से करवाने का पुनः आदेश जारी कर दिए जाते हैं तो राज्य सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में काफी फायदा देखने को मिल सकता है।अब देखना होगा कि शासन स्तर से ग्राम पंचायतों के पीड़ा को ध्यान में रखकर कोई ठोस पहल किया जाता है या फिर ग्राम पंचायतों को पुराने ढर्रे पर छोड़ दिया जाता है।

संपादकीय

किसी को अंदाजा नहीं था

राजनीति के मीहिर खिलाड़ी वे माने जाते हैं जिनके अगले कदम के बारे में किसी को कुछ पता नहीं होता है।किसी को भनक तक नहीं लगती है कि सरकार कब क्या और कैसे करने जा रही है। जब फैसला सामने आता है तो सब चौंक जाते है। सब कहते हैं कि हम तो इसका अंदाजा नहीं लगा पाए थे। हम सोच ही नहीं पाए थे कि मोदी सरकार एक साथ ऐसा कर सकती है। फिर एक बार मोदी सरकार ने एक साथ कई राज्यों के राज्यपार को बदल कर देश को चौका दिया है। खबरों में यह जरूर कहा जा रहा था कि महाराष्ट्र के राज्यपाल की जगह किसी दूसरे को राज्यपाल बनाया जाएगा। इसके लिए पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह का नाम चर्चा में भी रहा। महराष्ट्र का राज्यपाल अमरिंदर सिंह को नहीं बनाया गया है, उनकी जगह झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को राज्यपाल बनाया गया है। राज्यों में अन्य जो राज्यपाल बदले गए हैं, उनमें छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके हैं। किसी को उम्मीद नहीं थी कि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल को बदल दिया जाएगा। उन्हें बदल दिया गया है तथा उनकी जगह आंध्र के राज्यपाल को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनााय गया है। छत्तीसगढ की राज्य पाल को मणिपुर का राज्यपाल बनाया गया है। छत्तीसगढ़ का राज्यापाल बदलने की वजह किसी को पता है, सब अपना अपना अनुमान लगा रहे हैं। कांग्रेस ने मौके का फायदा उठाकर भाजपा पर आरोप लगाया है कि उसने आदिवासी राज्यपाल को हटाकर आदिवासियों का अपमान किया है। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष को बदला गया था तो भी कांग्रेस ने यही आरोप लगाया था। वहीं सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा ने राज्यपाल को अपने हिसाब से काम नहीं करने दिया। इससे पहले कांग्रेस नेता कहते थे कि राज्यपाल भाजपा के इशारे पर काम कर रहीं है। भाजपा का कहना है कि एक आदिवासी राज्यपाल के खिलाप कांग्रेस नेताओं ने जो टिप्पणी की है, उसके लिए कांग्रेस माफी मांगे। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को क्यों हटाया गया इसका जवाब किसी के पास नहीं हैं लेकिन परंपरा को देखा जाए तो छत्तीसगढ़ में कोई भी राज्यपाल तीन से चार साल ही रहे हैं। अनुसुइया उइके को भी राज्य में तीन साल तो पूरे हो गए थे इसलिए यह कहा जा सकता था कि उनका समय पूरा हो गया था इसलिए अन्य राज्यपालों को बदला गया तो उन्हें रूटीन में बदला गया है। उन्हें इसलिए नहीं बदला गया है कि उनका कामकाज ठीक नहीं था। एक वजह यह हो सकती है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, उन राज्यो के राज्यपाल बदले गए हैं, इसलिए छत्तीसगढ़ की राज्यपाल भी बदली गई हैं। एक वजह यह भी हो सकती है कि राज्यपाल ने आरक्षण विधेयक को रोक दिया इससे राज्य में उनके खिलाफ जनता में नाराजगी है, कांग्रेस इस नाराजगी को राजनीतिक फायदा न उठा सके इसलिए राज्यपाल को हटाकर नया राज्यपाल नियुक्त कर दिया गया है। जिस तरह सीएम व विधायकों को चुनाव के पहले बदला जाता है, उसी तरह मोदी सरकार ने राज्यपालों को बदला है। चुनाव के पहले भाजपा राज्यों में जो कमी है उसे दूर कर लेना चाहती है ताकि नुकसान की कोई गुंजाइश न रहे। इसके अलावा ला गणेशन को नगालैंड का,फागू चौहान को मेघालय का, राजेंद्र अलेंकर को बिहार का राज्यपाल तथा डा. बीडी मिश्रा को लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है।इनके अलावा जिन नए लोगों का राज्यपाल बनाया गया है उनके नाम हैं,रिटायर जस्टिस अबुदल नजीर आंध्र,जनरल त्रिविक्रम परनाइक को अरुणाचल,लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम,सीपी राधाकृष्णन को झारखंड,शिवप्रताप शुक्ल को हिमाचल, गुलाब चंद कटारिया को अमस का राज्यपाल बनाया गया है। इनमें सबसे चर्चित नाम रिटायर जस्टिस अब्दुल नजीर का है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने अब्ुल नजीर को राज्यपाल बनाए जाने पर कहा है कि न्यायिक क्षेत्र के लोगों को राज्यपाल बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब्दल नजीर ने तीन तलाक, राम मंदिर व नोटबंदी मामले में फैसला सुनाने वाले जजों मे शामिल थे। आज अब्दुल नजीर को राज्यपाल बनाना भले कांग्रेस को पसंद न आ रहा है लेकिन यह परंपरा तो उसी ने शुरू की थी, भाजपा उसे आगे बढ़ा रही है। अब्दुल नजीर राज्यपाल बनाए जाने योग्य है। अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। उन्हें राज्यपाल बनाकर भाजपा ने उस धारणा को खत्म करने की कोशिश की है कि भाजपा मुसलमानों को उच्च पद के योग्य नहीं मानती हैं।

आज का राशिफल

मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)-आज आपको कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। विवाहितों के लिए दिन अच्छा रहेगा। सोशल मीडिया पर किसी पुराने दोस्त से बात हो सकती है। आपके दिये हुए उपहार से साथी प्रसन्न होंगे। आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। आपको पैसों के लेन-देन से बचना चाहिए। व्यस्त रहेंगे। स्वास्थ्य लाभ होगा।

वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)-आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। आपको अपनी मेहनत का फल भी अवश्य मिलेगा। बिजनेस में मिले नए कॉन्टैक्ट से आपको फायदा होगा। कुछ लोगों को आपकी उदारता पसंद आयेगी। सहकर्मी आपकी मदद के लिये तैयार खड़े रहेंगे। छात्रों को जल्द ही बड़ी सफलता हासिल होगी। आपका आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा।

मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)-आज आपके जीवन में नया बदलाव हो सकता है। अगर आप कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते खुले नजर आएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आपको किसी समस्या को सुलझाने का तुरंत रास्ता मिल सकता है। आपको अपने वरिष्ठ का भी सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी आपकी भावनाओं का सम्मान करेंगे। आपके साथ सब अच्छा होगा।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)-आज आप पर काम का बोझ ज्यादा हो सकता है, जिसकी वजह से आप थकान महसूस करेंगे। किसी काम में अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों को लेकर आप ज्यादा ही भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आपको फायदा होगा , लेकिन आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल बनाकर रखना चाहिए। किसी काम के लिए माता-पिता से ली गई सलाह आपके लिए बेहतर रहेगी।

सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप किसी पारिवारिक समारोह में जा सकते हैं। इसके अलावा अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए आज आपको कोशिश करनी पड़ सकती है। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। वरिष्ठ आपके किसी काम से खुश हो सकते हैं। आपके सेहत में थोड़ी गिरावट हो सकती है। नौकरी के क्षेत्र में आपको फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)-आज आपका दिन शानदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के लॉ की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत बढ़िया रहेगा। किसी वरिष्ठ वकील के साथ साझा करने का मौका मिलेगा। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। आप जिससे भी मदद की उम्मीद करेंगे, उससे मदद मिल जायेगी। आपको सभी कामों में सफलता हासिल होगी।

तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं पर घूमने की योजना कर सकते हैं। किसी काम में अनुमान से ज्यादा ही मेहनत और समय लग सकता है। आप रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश करेंगे । कोई भी फैसला आपको सोच-समझ कर लेना चाहिए। आपके कुछ खास कामों में रूकावट आ सकती है, लेकिन परिवार के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आपके साथ सब अच्छा होगा।

वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। रूका हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। आप नये काम करने की सोच सकते हैं। आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लग सकता है। आपका कोई नया दोस्त बन सकता है। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से मदद मिल सकता है। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद भी रहेगी।

धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक धन लाभ होगा। आपके कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे।बच्चे आपको गर्व करने की वजह देंगे।

मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रूचि ले सकते हैं। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। वरिष्ठ आपके काम से खुश होकर आपको कुछ गिफ्ट कर सकते हैं। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग करना चाहिए। आपकी सभी परेशानियां दूर होगी।

कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)-आज आप लोगों को अपनी बातों से सहमत करने में सफल होंगे। घर पर किसी रिश्तेदार के आने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। परिवार के साथ बेहतर समय बीतेगा। सोचे हुए कुछ जरूरी काम पूरे होंगे।पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी। तकनीकी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए दिन सकारात्मक है।

मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)-आज आपका दिन घूमने-फिरने या यात्रा में बीत सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव ला सकते हैं। आपका पूरा ध्यान अपने करियर को आगे बढ़ाने पर रहेगा। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करके आपको काफी अच्छा महसूस होगा।

गौ माता से यह नफरत कैसी

राजनीति

राकेश सैन

सेक्यूलर दलों के विरोध व सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना के बाद भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने 14 फरवरी को गाय से आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली। इस दिन पूरी दुनिया में वेलेण्टाइन डे भी मनाया जाता है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मन्त्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला की टिप्पणी के एक दिन बाद बोर्ड के सचिव श्री एस.के. दत्ता ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए एक नोटिस के माध्यम से यह अपील वापस ले ली। रुपाला ने कहा कि 'अच्छा होता कि अगर लोग बोर्ड की ओर से 14 फरवरी को 'गाय आलिंगन दिवस' के रूप में मनाने की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते। यह पहली बार था जब पशु कल्याण बोर्ड ने देश में गाय प्रेमियों से 'गाय आलिंगन दिवस' मनाने की अपील की। बोर्ड ने कहा था कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के चलते भारत की वैदिक परम्पराएं विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। अब समय है कि हम अपनी परम्पराओं को पहचानें व उनको अपनाएं। ज्ञात रहे कि भारतीय समाज व गाय का रिश्ता उसके अस्तित्व से ही जुड़ा है।

यह शायद सम्भव नहीं लगता कि देश में परम्परा निर्वहन व गौ कल्याण की बात हो और इसे वो सेक्युलर खेमा इसे सहजता से स्वीकार कर ले, जो गौमांस भक्षण को संवैधानिक अधिकार बताता आया हो। ऐसा हुआ भी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वामपन्थी दलों सहित समूचे इको सिस्टम ने इसका विरोध करना और उपहास उड़ाना शुरू कर दिया। बोर्ड के एक सार्थक प्रयास को कभी साम्प्रदायिक, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छिपे एजेण्डे का हिस्सा बताया जाने लगा तो सोशल मीडिया पर इसका खूब उपहास उड़ाया गया। इसी कारण बोर्ड ने किसी विवाद की आशंका के चलते अपना निर्णय वापिस ले लिया लगता है।

इस बात की तो पहले से ही आशंका व्यक्त की जा रही थी कि पशु कल्याण बोर्ड की इस साहसिक पहल पर कईयों के नाक भौं चढ़ सकते हैं और अन्तत: ऐसा हुआ भी जिसके चलते बोर्ड को अपना निर्णय बदलना पड़ा। दूसरी ओर यह सच्चाई है कि भारत की तरह ही दुनिया के कई देशों में गायों से बहुत प्यार और स्नेह किया जाता है।

इन देशों में नीदरलैण्ड, रॉटरडैम, स्विटजरलैण्ड, अमेरिका सहित युरोप, अफ्रीका के कई देश शामिल हैं जहां के नागरिक गायों को खूब प्रेम करते हैं। मैं और मेरा दोस्त राजेश लखोटिया बचपन में गली में घूमने वाली गायों के गलकम्बल व पीठ को सहलाते, तो देखते कि इससे गाय जड़वत खड़ी हो जाती और आनन्द में उनकी आंखें मुन्द जातीं। हमें भी अजीब सा सुकून मिलता और देख कर हैरानी होती कि ये गायें हमें पहचानने लगती और जब भी गली में हम खड़े मिलते तो हमारे पास आकर हमें चाटना या हमारे शरीर के साथ गर्दन खुजाना शुरू कर देतीं। हम भारतीयों का गायों से नाता हमारे हमारे अस्तित्व से ही जुड़ा है और गौप्रेम जन्मघूटी से ही मिलता है। खुशी की बात है कि अब दुनिया गाय के महत्त्व को पहचानने लगी है। बताते हैं कि नीदरलैण्ड के गांव रूवर से गौ आलिंगन का प्रचलन निकला जो अब कई देशों में फैलता जा रहा है। डच भाषा में इसे 'कोए नफेलेन' कहते हैं। 'एप्लाइड एनिमल बिहेवियर साइंस जर्नल' के एक अध्ययन में कहा गया है कि जब गायों की गर्दन और ऊपरी पीठ के विशेष हिस्सों में मालिश की जाती है, तो वे गहरी राहत महसूस करती हैं, उनकी आंखें मुन्द जाती हैं और वे अपने कान गिरा देती हैं। जब इंसान गायों की पीठ को थपथपाते हैं तो वो उनके लिए काफी आरामदायक होता है। गाय पालन सकारात्मकता को बढ़ावा देता है और मनुष्यों में ऑक्सीटोसिन को बढ़ाकर तनाव को कम करता है। इसीलिए गाय को गले लगाने का चलन दुनिया में बढ़ रहा है। इन दिनों अमेरिका में एक विशेष प्रकार का अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान में अमेरिका की जनता बढ़ चढकर भाग ले रही है. यहां तक कि जमकर पैसे भी खर्च कर रही है। लोगों का मानना है कि कोरोना वायरस के दौर में दुनिया में कई लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में उन्हें गाय को गले लगाना चाहिए। गाय की गर्दन और पीठ की तरफसहलाने से उन्हें तो बड़ा आराम मिलता है, लेकिन यह गाय के साथ–साथ उसे भी आराम पहुंचाता है जो गाय को सहला रहा होता है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गाय से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। गाय को सहलाने से इंसानों की शरीर में ऑक्सिटॉसिन हार्मोन बढ़ता है, जो तनाव कम करने में सहायक होता है। अमेरिका में तो लोग 90 मिनट तक गाय को गले लगाने के लिए 22 हजार रुपए तक खर्च कर रहे हैं। कुछ लोग इसे चिकित्सा पद्धति भी बताते हैं, इनका कहना है कि अगर गाय पलटकर आपको चाटती है तो वो बताती है कि आपके और उसके बीच विश्वास कितना गहरा है। गाय के शरीर का गर्म तापमान, धीमी धडकनें और बड़ा आकार उन्हें सटकर बैठने वालों को शान्ति का अहसास देता है। गाय से सटकर बैठना, चाटने देना ये सब इस चिकित्सकीय अनुभव का ही हिस्सा हैं।भारत में गाय का युगों से जहां धार्मिक महत्त्व है वहीं इसका हमारी संस्कृति, इतिहास, आर्थिकता व आम जनजीवन से अटूट रिश्ता है। इसी कारण हमारे हर तरह के ग्रन्थ गौ–महिमा से अटे पड़े मिलेंगे। गाय का स्पर्श, चरण वन्दना, पीठ व गर्दन सहलाना, माथे को पलोसना लगभग हर भारतीय का दैनिक कृत्य है। हर शुभकार्य में गाय व इसके पंचगव्यों का किसी न किसी रूप में प्रयोग होता है। भारतीयों की गाय के प्रति श्रद्धा किसी बोर्ड या सरकार की मोहताज अथवा एक दिन का पर्व नहीं बल्कि अर्न्तात्मा से जुड़ा विषय है परन्तु हैरानी तो उस सेक्यूलर मानसिकता पर होती है जो जड़वत हो चुकी है। कोरोना वायरस के बाद मानवता अवसाद, मानसिक परेशानियों, तरह–तरह की बीमारियों की शिकार है, ऐसे में रुग्ण मानवता के कल्याण के लिए गौ–आलिंगन के रूप में नवाचार होता है तो इसका स्वागत होना चाहिए था, न कि विरोध।

भारतीयों को मॉरीशस क्यों प्रिय

विदेश

विनीत नारायण

अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिण-पूर्व तट से लगभग 900 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के तट पर और मेडागास्कर के पूर्व में स्थित द्वीपीय देश मॉरीशस भारतीयों के लिए काफी आकषर्क स्थान है।

अपने झील-झरनों, हरे-भरे जंगलों और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर मॉरीशस हर नवविवाहित जोड़े के लिए बरसों से हनीमून मनाने का स्थान बना हुआ है परंतु क्या आप जानते हैं कि इसके अलावा भी एक कारण है जिसके लिए मॉरीशस भारतीयों को बहुत प्रिय है। सुंदर पर्यटक स्थल होने के कारण मॉरीशस में केवल हनीमून मनाने वाले पर्यटक ही नहीं आते, बल्कि 'टैक्स हैवन' के नाम से मशहूर इस छोटे से द्वीप पर हर उस व्यक्ति की नजर बनी रहती है, जो किसी न किसी तरह से भारत में आयकर की चोरी करना चाहता है। चूंकि भारत और मॉरीशस के बीच हुई 'दोहरे करारोपण संधि' के तहत भारतीय कंपनियां मॉरीशस की किसी कंपनी से समझौता करके भारत में एफडीआई द्वारा निवेश करवा लेती हैं। इस निवेश को निवेशकों की भाषा में 'मॉरीशस रूट' कहा जाता है। भारत में 'मॉरीशस रूट' के तहत हुए निवेश पर कोई टैक्स नहीं देना होता। ऐसा करने से ये सभी कंपनियां, जो भारत में निवेश करवाती हैं, कैपिटल गेन्स टैक्स देने से बच जाती हैं। कई वर्ष पहले इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इनवेस्टीगेटिव जर्नलिस्ट्स (आईसीआईजे) की एक रिपोर्ट सार्वजनिक हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कई कंपनियों ने 1982 में हुई इस संधि का दुरुपयोग किया है। इस समझौते के मुताबिक भारतीय कंपनियों को मॉरीशस में टैक्स रेजीडेंसी की सुविधा मिल जाती है, जिस कारण वे जीरो कैपिटल गेन्स वाली श्रेणी में आ जाती थीं। जाहिर सी बात है कि 'मॉरीशस रूट' से अपना ही पैसा घुमा कर ये कंपनियां अपना निवेश वापस भारत में ले आती हैं। इसी के चलते देश को करोड़ों के टैक्स का चूना लग जाता है जबकि इस टैक्स के पैसे को देश के विकास कार्यों में लगाया जा सकता था पर ऐसा नहीं हो रहा। 'मॉरीशस रूट' हो या किसी अन्य 'टैक्स हैवन' देश से आने वाला निवेश, हमारे देश में ऐसा काफी बड़ी मात्रा में हो रहा है। देश की कई नामी कंपनियां ऐसा कई बरसों से कर रही हैं। नियमों में इस कमी का फायदा उठा कर ये लोग टैक्स चोरी कर देश में होने वाले विकास को पीछे धकेल रहे हैं। आम आदमी को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं समय पर नहीं दी जातीं तो इसके पीछे टैक्स में होने वाली चोरी ही मुख्य कारण होता है।

सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की, विकास कार्यो और सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भुगतान के लिए टैक्स पर ही निर्भर करती है। यदि टैक्स में कमी आती है तो विकास कार्यों में भी बाधा आएगी। 'मॉरीशस रूट' से आने वाले निवेश केवल एफडीआई

के जरिए ही नहीं होते। उद्योगपतियों के अलावा भ्रष्ट नेता और अफसर भी इसका फायदा उठाते हैं। ये लोग भ्रष्टाचार से कमाए अपने काले धन को हवाला के जरिए विदेशों में स्थित मॉरीशस जैसे 'टैक्स हैवन' देशों में भेजते हैं। वहां पर कुछ शैल कंपनियों की मदद से उसी पैसे को कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को मन-माने दाम पर खरीदवाते हैं।

भारत की कंपनियों के शेयरों का बढ़े हुए दाम पर बिकना शेयर मार्केट में अच्छा माना जाता है। यदि ऐसा नियमों के दायरों में हो तो यह सही होता है परंतु 'मॉरीशस रूट' से होने वाले ऐसे निवेश नियम-कानून की धज्जियां उड़ा कर होते हैं। जैसे ही किसी कंपनी के शेयर का दाम बढ़ता है, देश के भोले-भाले छोटे और मध्यम निवेशक भी मुनाफा कमाने की नीयत से इसमें निवेश करते हैं परंतु असल में उस कंपनी के शेयर की असल कीमत इससे काफी कम होती है। मिसाल के तौर पर देश के एक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे की एक ठंडी पड़ी कंपनी के 10 रु पये प्रति शेयर को देश के एक भगोड़े ने 96,000 रु पये प्रति शेयर पर खरीदा। आरोप है कि यह अपने ही काले धन को घुमाकर किया गया। इसकी जांच के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस दे कर इसकी जांच के आदेश दिए परंतु जांच को लंबा खींचने और ढुलमुल रवैया अपनाने से इस मामले की जड़ तक नहीं पहुंचा जा सका। जाहिर है कि ऐसा होने पर लोगों का जांच एजेंसियों पर से भरोसा भी डगमगाने लगता है। इसलिए जब भी कभी ऐसा विवाद खड़ा हो तो मामले की सघन जांच होना बहुत ही जरूरी हो जाता है। ऐसे में अपनी 'योग्यता' के लिए प्रसिद्ध देश की प्रमुख जांच एजेंसियां भी शक के घेरे में आ जाती हैं। इन एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'गलत इस्तेमाल' के आरोप सही लगते हैं। मामला चाहे छोटे घोटाले का हो या बड़े घोटाले का, एक ही अपराध के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं? यदि देश का आम आदमी या किसान बैंक द्वारा लिए गए ऋण चुकाने में असमर्थ होता है तो बैंक की शिकायत पर पुलिस या जांच एजेंसियां तुरंत कड़ी कार्रवाई करती हैं। उसकी दयनीय दशा की परवाह न करके कुर्की तक कर डालती हैं परंतु बड़े घोटालेबाजों के साथ ऐसी सख्ती क्यों नहीं बरती जाती? जैसा कि इस कॉलम में पहले भी लिख चुके हैं, घोटालों की जांच कर रही एजेंसियों का निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है। एक जैसे अपराध पर, आरोपी का रुतबा देखे बिना, अगर एक सामान कार्रवाई होती है, तो जनता के बीच संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्षता से कर रही हैं। सिद्धांत यह होना चाहिए कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो किसी भी विचारधारा या राजनैतिक दल का समर्थक क्यों न हो। कानून अपना काम कानून के दायरे में ही करेगा। जरूरी है कि मॉरीशस जैसे देश के प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाने जाने वाले द्वीपों को पर्यटन के लिए ही जाना जाए न कि वित्तीय घोटालों में लिए जाने जाने वाले 'मॉरीशस रूट' जैसे अलंकारों के लिए।

जाति जनगणना : तार्किक और समसामयिक भी

अच्छी पहल

नवल किशोर

बिहार में जातिगत सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वैसे समूचे देश में इस कवायद की मांग कुछ राजनीतिक दल कर रहे हैं।

बिहार ने इस दिशा में पहल कर दी है, जिसे लेकर पक्ष-विपक्ष में राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का रण चरम पर है। बिहार में जातिगत सर्वेक्षण को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में हर एक घर और घर में रहने वाले सदस्यों की उपस्थिति दर्ज होगी; और दूसरे चरण में 26 सवालों के माध्यम से हरेक व्यक्ति के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े अंकित किए जाएंगे।

इसमें जाति, धर्म, व्यवसाय के साथ निवासियों से जुड़ी अन्य जानकारी भी सूचीबद्ध की जाएंगी। पांच लाख से अधिक कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्य मई महीने के अंत तक पूर्ण करने की लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा मनाही के बाद राज्य सरकार ने अपने खर्च पर जातिगत सर्वे कराने का निर्णय लिया था जिसमें लगभग पांच सौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

राज्य के सभी दल इस निर्णय में शामिल थे और इसके पक्ष में विधानमंडल दो-दो बार सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज चुका था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य की जनसंख्या की सामाजिक-आर्थिक जानकारी शीघ्र ही उपलब्ध होंगी और ये आंकड़े केंद्र सरकार को भी भेजे जाएंगे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसे लगातार रोकने के लिए भाजपा को गरीब-दलित विरोधी बताया।

वहीं नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने इसे करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताया और कहा कि इससे जातियों के बीच तनाव पैदा होंगे। कई मीडिया चैनल इसे मंडल-कमंडल के चश्मे से भी देखने की कोशिश कर रहे हैं, और इसके राजनैतिक इस्तेमाल पर चर्चा करने-कराने में व्यस्त हैं। आम तौर पर जानकारी और आंकड़ों से वही डरता है, जो भ्रम में जीना चाहता है। सांच को आंच क्या? गांव या पंचायत स्तर पर हर कोई अपने पड़ोसी की जाति की जानकारी रखता है। जातिगत जानकारी भर से से टकराव की स्थिति बन जाए, यह बात समझ से परे है। तथ्य है कि जिस गांव में एक ही जाति के लोग हैं, वहां कोई टकराव नहीं होता। जाति की जानकारी होने मात्र से सामाजिक संबंध और भाईचारा बिगड़ जाए, ऐसा कोई समाजशास्त्रीय दावा नहीं करता।

सनद रहे कि बिना जाति के भारतीय समाज या यूं कहें कि सनातन समाज की बनावट को समझना नामुमकिन है। दरअसल, जातिगत संरचना गैर-बराबरी पर आधारित है, और यही अन्याय का व्याकरण भी है। वर्ण व्यवस्था में संप्रभु वर्ग है, जिसने सदियों से सत्ता, सम्मान और संसाधनों पर वर्चस्व बनाकर रखा था। फलस्वरूप समाज का बहुसंख्यक हिस्सा अमानवीय शोषण का शिकार रहा है। पहली जातीय जनगणना 1931 के अनुसार हिंदू समाज का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा शोषित रहा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी इन शोषित समूहों ने वर्ण व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की थी।

संविधान सभा में भी इस पर खुल कर बहस हुई थी और इसे दूर तथा दुरुस्त करने के उपचार भी इंगित किए गए। यही कारण है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण के माध्यम से मुख्यधारा में लाने के लिए क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की गई।

स्वतंत्रता के बाद से ही इनकी गिनती भी पहली भारतीय जनगणना से ही होती रही है। संविधान निर्माताओं ने समाज के एक अन्य बहुसंख्यक हिस्से को भी सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े वर्ग के रूप में चिन्हित किया था जिन्हें मुख्यधारा में लाना सरकार की भावी जिम्मेदारी थी।

केंद्र सरकार ने 1953 में काका कालेलकर की अध्यक्षता में प्रथम पिछड़ा आयोग का गठन भी किया जिसकी रिपोर्ट 1955 में संसद के पटल पर रखी गई। लेकिन राष्ट्र-निर्माण के रास्ते में बाधा का हवाला देकर उस रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। दो दशक पश्चात जनता पार्टी की सरकार ने 1978 में बीपी मंडल की अध्यक्षता में दूसरे पिछड़ा आयोग गठित किया। मंडल आयोग ने 1980 में ही पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने के लिए 40 सूत्री अनुशंसापत्र सरकार को सौंप दिया था।

इससे पूर्व बिहार सरकार ने 1970 में मुंगेरी लाल आयोग का गठन किया जिसने 1977 में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट को कर्पूरी ठाकुर ने लागू किया था।

इन तीनों आयोगों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट में जातिगत आंकड़ों की आवश्यकता का जिक्र किया।

वर्तमान आंकड़े होते तो रिपोर्ट को तर्कसंगत और वैज्ञानिक बनाने में सहायक होते। विकासवादी दृष्टिकोण से विचार किया जाए तो 1931 की जातीय जनगणना की जगह पर सरकार वर्तमान आंकड़ों के आधार पर नीतिगत योजनाएं बनाए तो उसके यकीनन परिणाम बेहतर हो सकते हैं। साथ ही, समाज के समावेशी विकास का पथ भी अधिक प्रशस्त होगा। इसलिए जातिगत जनगणना की मांग या कवायद ज्यादा तार्किक और समसामयिक प्रतीत होती है।

सेहत

फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये एक्सरसाइज

फेफड़े शरीर के हर हिस्से में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करते हैं। हालांकि, कुछ संक्रमण और बीमारी के साथ-साथ बढ़ती उम्र के कारण फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित होने लगती है। इस वजह से शरीर को ढंग से ऑक्सीजन न मिलने, सांस फूलने और कई फेफड़ों संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिनका नियमित अभ्यास फेफड़ों की कार्यक्षमता बेहतर करने में मदद कर सकता है।

बैलून एक्सरसाइज-यह एक्सरसाइज भी फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी मदद कर सकती है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको अपने मुंह से गुब्बारे फुलाने होंगे। दरअसल, गुब्बारा फुलाने के दौरान गहरी सांस लेते है, जिसकी वजह से फेफड़ों में अधिक मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचती है और शरीर में ब्लड ऑक्सीजन की कमी नहीं होती हैं। इसके अतिरिक्त, इस एक्सरसाइज से पसलियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

लिप ब्रीथिंग एक्सरसाइज-इस एक्सरसाइज को आप टीवी देखते-देखते या फिर कोई भी काम करते समय कर सकते हैं। लिप ब्रीथिंग करने के लिए नाक से सामान्य तरीके से सांस लें। इसके बाद होंठों से सांस को इस तरह धीरे-धीरे छोड़ें जैसे कि केक पर लगी मोमबत्तियों को बुझाने के लिए फूंक मारी जाती है। इस क्रम को आप पांच से छह बार या फिर अपनी सुविधानुसार दोहरा सकते हैं। इस एक्सरसाइज से फेफड़े और हृदय के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

एरोबिक्स एक्सरसाइज-एरोबिक्स एक्सरसाइज के नियमित अभ्यास से फेफड़ों की कार्यक्षमता बेहतर होती है, जिससे ऑक्सीजन का प्रवाह भी अच्छा होता है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज हृदय स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। एरोबिक एक्सरसाइज में आप अपने वर्कआउट रूटीन में स्विमिंग, रनिंग, जॉगिंग, साइकिलिंग और वॉकिंग आदि को शामिल कर सकते हैं। इन एक्सरसाइज को रोजाना 20-30 मिनट तक करने से आपको फेफड़ों संबंधित कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज-माउंटेन क्लाइंबर के लिए सबसे पहले जमीन पर घुटनों के बल बैठें, फिर अपनी दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें। अब अपने दोनों पैरों को पीछे की ओर सीधा कर लें। इसके बाद अपने दाएं पैर के घुटने को मोड़ें और इसे अपनी छाती की ओर लाएं।

इसके बाद इसे सीधा करें। जब आप दाएं पैर को सीधा करें और अपने बाएं पैर के घुटने को अपनी छाती की ओर लाएं। कुछ मिनट तक ऐसे ही पैरों को चलाते रहें।

डायाफ्रामिक ब्रीथिंग-इस एक्सरसाइज के लिए किसी समतल और शांत जगह पर सीधे बैठ जाएं या फिर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपना एक हाथ सीने पर और दूसरा पेट पर रखें।

इसके बाद नाक से सामान्य तरीके से ऐसे सांस लें कि पेट ज्यादा से ज्यादा अंदर की ओर सिकुड़े और फिर धीरे-धीरे नाक से सांस छोड़ें। इस एक्सरसाइज को एक से दो मिनट दोहराने के बाद सामान्य हो जाएं।

एक नजर

आयुष विभाग के चिकित्सकों के परामर्श से दवा सेवन कर मालती को जोड़ों के दर्द से मिली राहत

बीजापुर 14 फरवरी। 65 वर्षीय मालती देवांगन बताती है कि पिछले 3 सालों से जोड़ों के दर्द से परेशान थी कई जगह उपचार कराने के बाद भी तकलीफ से छुटकारा नही मिल रहा था। दर्द इतना था कि ठीक ढंग से चल भी नही पा रही थी तभी लोगों के सुझाव पर भैरमगढ़ के आयुष अस्पताल में ईलाज करवाना शुरू की डाक्टरों के परामर्श से समय पर दवाईयां ली जिससे दर्द से छुटकारा मिला पहले से अब बहुत ही अच्छा महसूस कर रही हूँ। आयुष डाक्टरों द्वारा मुझे योगराज गुग्गल, आर्थो एच टेबलेट, महानारायण तेल वातान्तक सीरप, अभ्यारिस्ट एवं दशमलारिष्ट औषधी दिया गया। औषधी मेरे शरीर में अच्छा काम किया दर्द से निजात मिला जिसके लिए मै जिले के भैरमगढ़ में स्थित आयुष अस्पताल के डाक्टरों एवं कर्मचारियों का आभारी रहूंगी।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित

बीजापुर 14 फरवरी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योजनांतर्गत व्यक्तिगत निवेशकों, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों, एफ.पी.ओ., एस.एच.जी. एवं सहकारिताओं के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना(क्लस्टर) की शुरूआत की गई है। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम जैसे - राईस मिल, दाल मिल, पोहा मुरमुरा, मिठाईयां निर्माण, महुआ लड्डू, महुआ चिक्की, महुआ चाय पत्ती, इमली चपाती, इमली चटनी, इमली कैंडी, आमचूर, तीखुर शेक, पापड, बड़ी, आचार, बेकरी सामग्री, डेयरी एवं अन्य खाद्य उत्पाद स्थापित करने वाले इच्छुक उद्यमियों की सहायता की जाएगी। जिसके तहत् स्वरोजगार स्थापना करने के लिए बैंक शाखाओं के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई के उन्नयन अथवा नवीन उद्योग स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा/प्रति उद्यम परियोजना लागत का 35: क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी अधिकतम 10 लाख रूपये अनुदान का भी प्रावधान है। जिसमें लाभार्थी का अंशदान 10 प्रतिशत होना अनिवार्य है। स्वसहायता समूहो को प्रति सदस्य राशि रूपये 40000.00 की दर से प्रारम्भिक पूंजी प्रदाय की जाती है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीजापुर, कलेक्टर कार्यालय रूम न. डी-20 में संपर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर की पहल पर नक्सल पीड़ित परिवार को मिला राशन

बीजापुर 14 फरवरी । विकासखंड भैरमगढ़ के ग्राम दरभा निवासी नक्सल पीड़ित परिवार के श्री लक्ष्मण कुंजामी बीजापुर में निवासरत होने एवं राशन कार्ड दरभा में होने के कारण राशन लेने में परेशानी हो रही थी। लक्ष्मण कुंजामी ने अपने समस्या से कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा को अवगत कराया। कलेक्टर ने त्वरित समाधान करने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। निर्देश के परिपालन में जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे ने त्वरित उनका राशनकार्ड बीजापुर स्थानांतरित कराया। जिसमें परिणाम स्वरुप अब लक्ष्मण कुंजामी को बीजापुर में सुगमतापूर्वक राशन उपलब्ध हो रहा है, जिला प्रशासन के त्वरित पहल पर लक्ष्मण ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

भोपालपटनम भाज.पा मंडल अध्यक्ष गिरजा शंकर ने दिया. अपने पद से इस्तीफा

बीजापुर 14 फरवरी। भोपाल पटनम भा . ज .पा . मंडल अध्यक्ष गिरजा शंकर तामडी ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष पद से इस्तीफा जिला अध्यक्ष श्री निवास मुदलियार को देकर इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया है उनहोने इस्तीफा देने का कारण स्पष्ट तो.नहीं किया है पर समझा जा रहा है कि जिले मे हो रही नकसल धटनाओं को देखते और खास कर भा. ज .पा .कार्य कर्ता ओ को निशाना बनाये जाने से कार्य कर्तायो मे भारी दहशत देखा जा रहा है संभवतः इनही बातों को ध्यान में रखते हुए ये इस्तीफे दिये जा रहे है यंहा बता दे गिरजा शंकर पिछले दस वषो से पार्टी का सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं उनके इस्तीफे से पार्टी को झटका लगा है जिला अध्यक्ष मुदलियार ने बताया कि गिरजा शंकर का इस्तीफा मिला है जिस पर विचार किया जा रहा है।

लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों को मिले 1.52 करोड़ रुपये

लोक अदालत के जरिये रिश्तों की दूरी हुई कम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 14 फरवरी। जिले में बीते दिन आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायाधीश के समक्ष प्राप्त प्रकरणों में दो ऐसे प्रकरण मिले, जिनमें वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजनों एवं प्रेम विवाह के बाद सामंजस्य न बन पाने की वजह से तलाक हेतु आवेदन दिये गये थे। इन प्रकरणों पर जिला न्यायाधीश, दंतेवाड़ा श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी, ने संवेदनशीलता पूर्वक विचार कर न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में वाहन दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु के मामले में आवेदकगण ने बीमा कंपनी एसबीई जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर के साथ कुल 70 लाख रूपये में समझौता किया। दावा प्रकरण में मृतक स्व. सोमड़ा कवासी की मृत्यु होने पर 11 अप्रैल 2022 को कुल 77 लाख 10, हजार रूपये की क्षतिपूर्ति के लिए पेश किया गया था, जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष के साथ प्री-सिटिंग कर समझाइश दिया गया था।

दूसरे प्रकरण में जिला न्यायाधीश दंतेवाड़ा श्री कुरैशी, के न्यायालय के एक अन्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में वाहन दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु के मामले में आवेदकगण से बीमा कम्पनी जनरल इंश्योरेंस कंपनी रायपुर के साथ आज कुल 75 लाख रूपये में समझौता किया गया और मामले का सहजता से निराकरण हुआ। यह दावा अशोक कुंजाम की मृत्यु होने पर 19 जुलाई 2022 को कुल 1 करोड़ 10, लाख क्षतिपूर्ति के लिए पेश किया गया था, जिसमें जिला न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष के साथ प्री-सिटिंग कर समझाइश दिया गया था, जिसके फलस्वरूप आज इस प्रकरण में सफलतापूर्वक राजीनामा सम्पन्न हुआ। इस समझाईश में जिला न्यायाधीश दंतेवाड़ा के अलावा खंडपीठ के सदस्य श्री अशोक जैन अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री पवन शर्मा तथा आवेदकगण की ओर से श्री हरिलाल डेगल अधिवक्ता एवं बीमा कम्पनी की ओर से श्री राजेश भदौरिया अधिवक्ता जगदलपुर का भी योगदान रहा है।

श्री शैलेश शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी, दंतेवाड़ा के न्यायालय में बीते दिन एक पारिवारिक मामला वर्ष 2022 से लंबित था, जिसमें पक्षकार का विवाह वर्ष 2018 में प्रेम विवाह हुआ था। ये विवाह के बाद तलाक का आवेदन प्रस्तुत किए थे। परंतु आज नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायाधीश श्री अब्दुल जाहिद कुरैशी, एवं सुलहकर्ता सदस्यगण तथा श्री आर.एन. ठाकुर अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती सुमन प्रभा यादव एवं उक्त पीठासीन अधिकारी श्री शैलेश शर्मा के द्वारा पक्षकारों को समझाइश दिए जाने पर दोनों पति-पत्नी पारस्परिक सहमति के आधार पर अपना प्रकरण वापस लेने के लिए तैयार हो गये और अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए साथ-साथ रहना स्वीकार किया। विवाह विच्छेद की याचिका वापस लिये। उनका पारिवारिक विवाद का आज न्यायालय में ही समाधान हुआ और न्यायालय से ही साथ-साथ घर गये और एक परिवार टूटने से बच गया तथा टूटा हुआ परिवार एक हो गया। इसके लिए जिला न्यायाधीश ने उन्हें न्यायालय परिसर में ही पुष्पगुच्छ देकर उनके नये दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दिये ।

विशेष पेंशन, नवीन पेंशन योजना एवं पुरानी पेंशन योजना के संबंध में प्रशिक्षण

जगदलपुर, 14 फरवरी। जिला कोषालय द्वारा अंतर्गत विकासखंड जगदलपुर, बस्तर एवं तोकापाल के आहरण संवितरण अधिकारियों को विशेष पेंशन, नवीन पेंशन योजना एवं पुरानी पेंशन योजना के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। संभागीय कोष लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक श्री धीरज नशीने ने पेंशन प्रकरण तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विभागों में पेंशन प्रकरण तैयार करने में समस्याओं के संबंध में भी चर्चा किया। नवीन पेंशन योजना एवं पुरानी पेंशन योजना के संबंध में विकल्प भरने एवं सॉफ्टवेयर में अपलोड करने के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों के शंका का समाधान किया गया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल जावंगा में पुलिस ने पढ़ाया यातायात जागरूकता का पाठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम 14 फ़रवरी। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों से बचाव हेतु जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार को दन्तेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी व एएसपी आर के बर्मन के दिशानिर्देशन तथा एसडीओपी आशारानी के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस द्वारा जावंगा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र - छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधों, ऑनलाईन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड , सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध तथा नाबालिक बच्चों के साथ होने वाले अपराधों, गुड टच, बैड टच आदि की जानकारी देकर अपराधों से बचाव हेतु उपाय बताये गए । इसी प्रकार सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षित यातायात के नियम बताये गये, नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने हेतु समझाईश दी गई । उपस्थित छात्र छात्राओं को स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चलने, सड़क में भाग-दौड़ नहीं करने, झुण्ड में नहीं चलने, बस में उतरते चढ़ते समय दौड़ नहीं लगाने जागरूक किया गया छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए अपने परिवार के सदस्यों को दुपहिया वाहन चलाने की स्थिति में अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया की स्थिति में सीट बेल्ट लगाने व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु घर जाकर परिजनों को बताकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने अपील की गई । इस दौरान स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मौके पर गीदम थाना प्रभारी सलीम खाखा द्वारा पुरस्कृत कर हौसला आफजाई की गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई । इस मौके पर थाने के अन्य पुलिस अधिकारी व जवान मौजुद रहे ।

हमर विधायक हमर गांव म कार्यक्रम 15 को

उत्तर बस्तर कांकेर 14 फरवरी। संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक श्री शिशुपाल शोरी द्वारा नरहरपुर एवं कांकेर विकासखण्ड के गांवों में हमर विधायक हमर गांव म कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत संसदीय सचिव श्री शोरी 15 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से कलमुच्चे, दोपहर 02 बजे से मर्रापी एवं सायं 04 बजे से ग्राम मर्दापोटी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार 16 फरवरी गुरूवार को दोपहर 12 बजे से मांडरदरहा, दोपहर 02 बजे डब्बीपानी एवं सायं 04 बजे से ग्राम शामतरा और 17 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम महेशपुर, दोपहर 02 बजे से गहरिनबांधा और सायं 04 बजे से ग्राम घोटियावाही में आयोजित हमर विधायक हमर गांव म कार्यक्रम में शामिल होंगे।

समाचार संक्षेप

गोधन न्याय योजना से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

उत्तर बस्तर कांकेर 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना ने एक नई आर्थिक-सामाजिक क्रांति का आगाज किया है। इस योजना ने बहुत ही कम समय में अपनी महत्ता और सार्थकता साबित कर पूरे देष का ध्यान आकर्षित किया है। इस अनूठी योजना से लोगों को अतिरिक्त आय का जरिया दिया है। छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना के तहत् पशुपालकों से मात्र दो रूपये किलो की दर से गौठानों में गोबर की खरीदी कर रही है और उससे वर्मी कम्पोस्ट बनाया जा रहा है। कांकेर जिले में संचालित 417 गौठानों में 11,589 किसानों से 2,70,903.16 क्विंटल गोबर की खरीदी किया गया है, जिसके लिए पशुपालकों को 05 करोड़ 41 लाख रूपये का भुगतान किया गया है। जिले में 684 महिला स्व-सहायता समूहों में कार्यरत 4139 महिलाओं द्वारा 68,203.01 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट एवं 13,048.75 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन 07 करोड़ 82 लाख रूपये का किया जा चुका है, जिसमें से 62,565 क्विंटल कम्पोस्ट बिक्री कर 05 करोड़ 82 लाख रूपये की आमदनी प्राप्त किया गया है, इसमें महिला समूह को 01 करोड़ 78 लाख रूपये की शुद्ध लाभ प्राप्त हुई है। जिले में 4139 महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कर स्वरोजगार से जुड़ी हैं। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के काम से जुड़ी हुई महिलाएं कोई महिला निर्धन परिवार से है तो किसी ने कभी घर से बाहर निकल कर कभी काम नहीं किया है। गोधन न्याय योजना से जुड़कर उन्होंने अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान किया है तथा उन्होंने लोगों को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का रास्ता भी दिखाया है। जिला प्रषासन द्वारा महिला स्व-सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है तथा मार्गदर्शन दिये जा रहे हैं।

जल जीवन मिशन अंतर्गत आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

उत्तर बस्तर कांकेर 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जल जीवन मिशन कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय हितधारकों के चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कांकेर व प्रमुख संसाधन केंद्र जल सेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में होटल आनंदम में प्रशिक्षण का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मास्टर ट्रेनर श्री राजू राठौर के द्वारा प्रतिभागियों को समय एवं टीम प्रबंधन की अवधारणा को एक्टिविटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात तृतीय दिवस की संक्षिप्त में पुनरावृत्ति की गई साथ ही मास्टर ट्रेनर तौकीर अहमद के द्वारा पीआरए, नज़री नक्शा, जलापूर्ति व्यवस्था, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका, ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस में समिति की भूमिका, जल बहिनियों की भूमिका, निगरानी समिति की कार्य प्रणाली कैसे होनी चाहिए की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की। साथ की प्रतिभागियों से अपने अपने गांव का पीआरए तैयार कर प्रदर्शन करवाया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यपालन अभियंता द्वारा जल जीवन मिशन कांकेर के अंतर्गत चल रहे कार्यों को विस्तारपूर्वक आकड़ो के मध्यम से समझाया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांग को स्मार्टफोन वितरण

दंतेवाड़ा 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम सालनार (पटेल पारा) ग्राम पंचायत मुस्तलनार, विकासखंड- गीदम के निवासी घासीराम वेट्टी पिता पीडोराम वेट्टी को निशुल्क स्मार्टफोन वितरण किया गया, चूँकि घासीराम वेट्टी जन्म से ही दृष्टिबाधित है, के बावजूद अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखा और वर्तमान में घासीराम वेट्टी, शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना रायपुर में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेकर पढ़ाई जारी रखा है, उनके द्वारा पढ़ाई में आ रही समस्या को दूर करने हेतु समाज कल्याण विभाग से स्मार्टफोन की मांग की गई, उनकी जज्बा को देखते हुए उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के द्वारा तत्काल स्मार्ट फोन प्रदाय किया गया, जिससे वे स्मार्टफोन के माध्यम से अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखें, स्मार्ट फोन पाकर घासीराम बहुत खुश एवं अति उत्साहित हुए साथ ही वार्ड क्र 16, बचेली निवासी श्री मधु चलान को एक नग श्रवण यंत्र निशुल्क प्रदाय किया गया है समाज कल्याण विभाग दिव्यांगों के प्रति हमेशा तत्पर और सहयोग प्रदान कर रही है इस अवसर पर उपसंचालक संतोष टोप्पो वरिष्ठ लिपिक लुकेश कुमार वर्मा एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

ई-जनचौपाल में 39 आवेदन हुए प्राप्त

उत्तर बस्तर कांकेर 14 फरवर। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा उसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल ने आज सोमवार को ई-जनचौपाल में लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 39 आवेदन प्राप्त हुए। अंतागढ़ विकासखण्ड से 01, चारामा विकासखण्ड से 02, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01, कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 07 और नरहरपुर विकासखण्ड से 05 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 23 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा एवं ए.एस. पैकरा, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, पीएचई के कार्यपालन अभियंता एस.आर. नेताम एवं विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता भी मौजूद थे।

मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

जगदलपुर, 14 फरवरी। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक मत के महत्व पर जोर देने के लिए 120 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी 2022 का नेशनल अवेरनेश कांटेक्ट माय वोट इज माय फ्युचर पॉवर ऑफ वन वोट का ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक किया गया था। पाँच विधाओं में आयोजित प्रतियोगिता गीत वीडियो, पोस्टर, स्लोगन और क्विज शामिल थे।

ग्रामीणों को कला जत्था के माध्यम से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की मिल रही है जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 14 फरवरी। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनाओं के समुचित प्रचार प्रसार करने जिले के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित कर मुख्य धारा से जोड़ने छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा गांव गांव एवं सुदूर अंचलों में स्थानीय भाषा बोली, नाटक नुक्कड़ के माध्यम से कला जत्था टीम द्वारा सुगमता से पहुंचाया जा रहा है जिले के भोपालपट्टनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत चेरपल्ली, कोत्तापल्ली, पामगल, गुल्लापेंटा, बीजापुर ब्लॉक के गंगालूर, ईटपाल, भैरमगढ़ ब्लॉक के टेमरुभाठा, तुमनार, कोडोली, पुसनार एवं मिंगाचल सहित विभिन्न पंचायतों में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक मनोरंजन के साथ शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी ली शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी के अंतर्गत स्थापित गौठान और उससे होने वाले फायदों के बारें में ग्रामीणों को बताया गया। इस योजना से ग्रामीण विभिन्न गतिविधियों से जुड़ कर लाभ उठा रहे है और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। इसी तरह हाट-बाजार क्लिनिक योजना के तहत् ग्रामीणों को जहां एक ओर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाता हैं वहीं दूसरी ओर उनको बिमारियों से बचाव के उपाय बताये जाते हैं तथा उपचार हेतु दवाईयां भी दी जाती है। इन योजनओं का लाभ उठाने के लिए कलाजत्था के कलाकारों ने ग्रामीणों को प्रेरित किया। इसके अलावा राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मसाहती सर्वे, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, दाई दीदी क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, वनाधिकार अधिनियम क्रियान्वयन, स्वामी आत्मानंद इंग्लिस मीडियम स्कूल योजना, वृक्षा रोपण प्रोत्साहन योजना, राजीव युवा मितान क्लब योजना, बिजली बिल हाफ योजना और मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

च्वाइस सेंटरों एवं शासकीय अस्पतालों में बनाये जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर 14 फरवरी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए बचे हुए शेष पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड च्वाइस सेंटरों, पंजीकृत अस्पतालों एवं ग्राम, वार्ड तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर स्थल में राषन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है, जिसके लिए परिवार के छूटे हुए सदस्यों के साथ अपने नजदीकी निर्धारित शिविर स्थल एवं तिथि में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं जो कि पूर्ण रूप से निशुल्क है। षिविर स्थल एवं दिनांक की जानकारी के लिए अपने गांव के मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव अथवा टोल फ्री नम्बर 104 से संपर्क किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु 7,33,470 का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 5,56,083 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है जो लक्ष्य का 75.82 प्रतिषत है। विकासखंड अंतागढ़ में 46211 हितग्राही, दुर्गूकोंदल में 44141, भानुप्रतापपुर में 70799, नरहरपुर में 84522, कोयलीबेड़ा में 130378, कांकेर में 92950 एवं चारामा में 87082 हितग्राहियों द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के आम नागरिकों से अपील किया है कि जिन्होंने आज तक अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया हैं, वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर अपने निर्धारित शिविर स्थल अथवा नजदीकी च्वॉइस सेंटर तथा पंजीकृत अस्पताल में जाकर अपना तथा अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनवा सकते हैं।

बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षित एएनएम की अनन्तिम पदक्रम सूची प्रकाशित

जगदलपुर, 14 फरवरी। बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सेवाएं के अंतर्गत 01 अप्रैल 2022 की स्थिति दर्शाने वाली बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षित एएनएम की अनन्तिम पदक्रम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाएं के संयुक्त संचालक ने बताया कि यह पदक्रम सूची संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया है, जिससे कर्मचारियों के संबंध में दर्ज प्रविष्टीयों में यदि कोई विसंगति या किसी कर्मचारी का नाम सम्मिलित होने से छुट गया है तो ऐसी स्थिति में छुटे हुए नामों को जोड़ने एवं त्रुटि सुधार हेतु प्रमाणित दस्तावेजों के साथ पदक्रम सूची के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर संयुक्त संचालक कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं।

एक नजर

जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करें:मलिक

गरियाबंद, 14 फरवरी। प्रति सप्ताह आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में आज कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए इस अवसर पर जिलाधीश प्रभात मलिक ने समस्त आवेदनों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए आवेदनों में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास अवैध कब्जे विद्युत आपूर्ति अतिरिक्त कमरा एवं नाली निर्माण के साथ ही कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं इस अवसर पर जिलाधीश ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व व अभी प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण कर इनके समाधान सुनिश्चित करें उल्लेखनीय है कि आज राजिम पुन्नी मेला के अवसर पर संत समागम का कार्यक्रम आयोजन है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत पहुंचने वाले है समस्त अधिकारी व्यवस्था को सुरक्षित करने में जुटे हुए हैं।

दिल्ली के लालकिला और राजिम महोत्सव मंच में कोई फर्क नहीं : पुरूषोतम चंद्राकर

राजिम,14 फरवरी। 31 जनवरी को दिल्ली के लालकिला में प्रस्तुति देना का अवसर मिला। वहां की मंचीय व्यवस्था और राजिम की खासियत में समानता नजर आई। मुझे कोई फर्क नहीं लग रहा है। माईक कलाकारों की जान होती है हमारी आवाज को आम दर्शकों को पहुंचते है।

संगम में नदी की रेत से शिवलिंग बनाने की सदियों पुरानी परंपरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम,14 फरवरी। माघी पुन्नी मेला में सोमवार को त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने नदी की रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। बिल्वपत्र, धतुरा, केशरईया, कनेर के साथ ही दूध, दही, घी, मिश्री, शक्कर, शहद, सुगंधित तेल, चंदन, गंगाजल समर्पित किया गया। आरती उतारी गई तथा अर्ध परिक्रमा किया गया। पश्चात मंदिरों में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक किये गये। किंवदंति के अनुसार वनवास काल के दौरान दशरथ पुत्र रामचन्द्र देवी सीता के साथ महर्षि लोमश से मिलने पैदल चलते हुए नदी मार्ग से पहुंचे थे। चर्तुमास व्यतीत कर यहां उपस्थित राक्षसों का समूल नाश किया। इस दौरान देवी सीता संगम नदी में स्नान कर शिव के अराधना के लिए रेत से शिवलिंग बनाकर जलाभिषेक किया। जैसे ही उन्होने जल डाला पांच ओर से धारा फूट गया और उसी दिन से शिवलिंग का नाम पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव नाम पड़ा। जानकारी के मुताबिक ऐसा शिवलिंग विश्व में कहीं और नहीं मिलता इसे विरले शिवलिंग के श्रेणी में रखा गया।

सौ बिल्वपत्र के बदले मिले सौ पुत्र

श्रीमद्राजीलोचनमहातम्य ग्रंथ के अनुसार राजा का उम्र बीतता चला जा रहा था। पुत्र की आकांक्षा से अनेक धार्मिक अनुष्ठान किये। व्रत, उपवास, दान,स्नान इत्यादि कृत्य के बाद भी मनोकामना पूर्ण नहीं हुई। थक हारकर राजा बैठ गये। एकाएक एक ब्रम्हऋषि से मुलाकात हुए। उन्होंने दण्डकारण्य स्थित त्रिवेणी संगम के मध्य में विराजमान कुलेश्वरनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन की बात कहीं। उनके कहे अनुसार पति-पत्नि तीन नदी के संगम पर स्नान किये तथा पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के जलाभिषेक पश्चात् 100 बिल्वपत्र चढ़ाये। जिसके कारण उन्हें सौ पुत्रों की प्राप्ति हुई।

मंदिर तीन ओर सीढ़ियों से घिरा

सोंढूर, पैरी एवं महानदी के संगम पर बने विशाल मंदिर नदी तल से 17 फुट ऊंची जगती तल पर बनाये गये है जिसमें बड़ी-बड़ी पत्थरों का उपयोग हुआ है। पहुंचने के लिए तीन ओर से सीढिंया हैं। पहला सीढी पूर्व दिशा की ओर, दूसरा उत्तराभिमुख तथा तीसरा दक्षिण दिशा में कम चौड़ाई के है। मंदिर निर्माण की तिथि सातवी शताब्दी बतायी जाती है। महामण्डप को पार कर गर्भगृह पहुंचा जाता है। जहां आशुतोष महादेव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं द्वतीय गर्भगृह में जगतजननी मां सीता स्थापित है। मंदिर के चौराहे पर विशाल पीपल का वृक्ष सुंदरता में चार चांद लगाये हुए है।

राम ने चतुर्मास किया व्यतीत

लोमश ऋषि का आश्रम कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर से तकरीबन 300 गज की दूरी पर स्थित है। त्रेतायुग में बनवास काल के दौरान रामचंद्र जी पहुंचे तब लोमश ऋषि से उनकी मुलाकात हुई। डॉ. मन्नुलाल यदु ने अपने लेख में लिखा है कि चतुर्मास रूककर रामचंद्र ने यहां मौजूद आसुरी शक्तियों का समूल नाश किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने राम वनगमन परिपथ के अंतर्गत राजिम का विकास कर रही है।

सोमवार को रहीं मंदिरों में भीड़

सोमवार को शिव का वार माना गया है इसलिए बड़ी संख्या में श्रध्दालुओं ने जल डालकर जलाभिषेक किये भीड़ ज्यादा होने के कारण कतारबध्द होकर अपने बारी का इंतजार किया। इसी तरह से अन्य मंदिरों में भी खासा भीड़ रही।

समाचार संक्षेप

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 250 बेटियों के हाथ हुए पीले

सुकमा, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।

खेल मैदान कुम्हारास सुकमा में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब खेल मैदान विशाल विवाह मंडप में बदल गया था। अवसर था मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का। इस आयोजन में यहां 250 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ और शादी के पवित्र बंधन में बंधे। यह विशेष पल था जब जिले के गरीब 250 बेटियों के हाथ पीले हुए और बेटियों को समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग श्री कवासी लखमा, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों का आशीर्वाद मिला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने वर-वधु को आशीष और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना से माता पिता अनावश्यक खर्चे के बोझ से बच जाते हैं। उन्होंने सभी नवदम्पति को उपहार दिए। उन्होंने नवदम्पति को सफल और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और जोड़ों को 1-1 हजार का चेक प्रदान किया। मंत्री श्री कवासी लखमा ने नवदम्पतियों को विवाह प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया सरभूपेश बघेल द्वारा बेटियों की शादी के लिए फिजूलखर्ची रोकने की अनुकरणीय पहल है। सामूहिक विवाह की योजना से गरीब परिवारों को बड़ी मदद मिली है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजू साहू, छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री करणदेव सिंह, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री हरिस. एस सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, वर-वधु के परिजन व आगंतुक मौजूद थे।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न

सुकमा, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने धन्वन्तरि मेडिकल को सुचारू रूप से संचालन के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयों और जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए नवनिर्मित अस्पताल भवनों में शीघ्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कर आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले के कृषकों, पशुपालकों को केसीसी कार्ड निर्माण प्रगति की जानकारी संबंधित विभाग से ली। वांछित केसीसी निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी आवश्यक दस्तवोज पूर्ण कर शीघ्र किसानों को केसीसी जारी करने कहा। ग्राम गोंडेरास में ग्रामीणों का आधार पंजीयन, संशोधन सहित स्वास्थ्य, पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित सेवाएं शिविर के माध्यम से प्रदान करने के निर्देश दिए।राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों में जाति प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, विवादित बंटवारा, नामांतरण का नियमानुसार शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में विद्युत कनेक्शन, नरवा कार्यो के भौतिक प्रगति का संज्ञान लिये। लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्थापित सौर ऊर्जा से संचालित खराब पंपों की मरम्मत करवाने के निर्देश क्रेडा विभाग के अधिकारी को दिए। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान खरीदी और उठाव तथा पीडीएस दुकानों में राशन भण्डारण की स्थिति का संज्ञान लिये। इसी तरह अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंत्री कवासी लखमा व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी पहुंचे कोंटा

सुकमा, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कोंटा के एतिहासिक खेल मैदान में हैदराबाद व राजमहेंद्री के बीच खेला गया मेगा फाइनल अंतिम गेंदों पर राजमंड्री ने फाइनल मुकाबले को अपने नाम किया । जिसके बाद छत्तीसगढ़ शासन के लोकप्रिय मंत्री माननीय कवासी लखमा जी ने विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं पुरुष्कार वितरण किया।आयोजन का प्रथम पृष्कार एक लाख रुपए प्रदत मंत्री कवासी लखमा जी व द्वितीय पुरुष्कार प्रदत जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी जी के द्वारा पचास हजार रुपए दिया गया वही माननीय मंत्री कवासी लखमा जी ने शिक्षा विभाग द्वारा अयोजित जाति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में भी माननीय मंत्री कवासी लखमा जी शमिल हुए। वही माननीय मंत्री जी ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, ज्योति स्कूल, डीएवी स्कूल, एक लावीय स्कूल, चैतन्य स्कूल के बच्चे को जाति प्रमाण पत्र वितरण किया गया

राज्य सरकार ने छिना गरीबों का हक:राकेश

महासमुंद, 14 फरवरी। ग्राम पिरदा (तुमगांव) में मोर आवास- मोर अधिकार के तहत ग्रामीणों को भाजपा जनों ने केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व नपं तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर थे। साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल, डोमार पटेल, द्रोणाचार्य साहू, नरेश पटेल, शालिक पटेल, दिवाकर असगर, नरेंद्र साहू उपस्थित रहे।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त गरीब परिवारों को पक्का आवास देने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 लाख से अधिक आवासों की स्वीकृति दी। लेकिन राज्य के कांग्रेस सरकार ने गरीबों के हक छीनकर समस्त आवास वापस भेज दिए। इससे लाखों गरीब परिवार आवास से वंचित हो गए।

उन्होंने केंद्र शासन के अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा गरीबों के लिए खोले गए जन-धन खाते के बारे में बताते हुए कहा कि कमीशन खोरी व दलाली प्रथा को खत्म कर सीधे हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने मोदी सरकार ने जीरो बैलेंस पर गरीबों का जन-धन खाता खोला। जिसका स्पष्ट प्रमाण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 3 किस्तों में 6 हजार रुपए, मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती माताओं को मिल रही 6000 रुपए की राशि तथा रोजगार गारंटी के कार्यों की मिल रही राशि सामने है। ग्रामीणों को वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू ने भी संबोधित कर केंद्र की योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यकर्ताओं को विभिन्न वार्डों की सौंपी गई जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद,14 फरवरी। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शहर मडल की बैठक प्रभारी पूर्व विधायक डा विमल चोपड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुई। बैठक में शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंग पाली एवं संदीप दीवान (सह प्रभारी) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. विमल चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गरीबों के आवास के सपने को पूरे देश में पूर्ण करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उठाया। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार एवं उसके मुखिया भूपेश बघेल ने ग्यारह लाख छत्तीसगढ़ियों के पक्के मकान के सपने को चकनाचूर किया है। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी इस कांग्रेस सरकार के विरूद्ध आम छत्तीसगढ़ियों में घोर आक्रोश है। हमें उन हितग्राहियों के घर-घर जाना है, उनके सपनों को तोड़ने वाले मुख्यमंत्री के

विरूद्ध होने वाले 20 तारीख के प्रदर्शन में उनकी भागीदारी निश्चित करना है।महासमुंद शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंग पाली ने कहा कि शहर मंडल द्वारा 20 तारीख के इस प्रदर्शन में 1500 लोगों को शामिल करने का लक्ष्य शहर मंडल से रखा गया है। जिसके लिए विभिन्न वार्डो की जिम्मेदारी बांटी गयी है। वार्ड न. 1 से राकेश सचदेव, सुरेन्द्र साहू, हेमतला केशरवानी, वार्ड 2 हनीष बग्गा, पप्पु ठाकुर, सोनाई विश्वकर्मा, वार्ड. 3 भूपेन्द्र सार्वा, गोविन्द ठाकुर, वार्ड. नंबर 4 महेश चौहान, रेखा देवार, वार्ड 5 केशव साहू, भगवती करकसे, वार्ड 6 जमुना यादव, कुमारी बघेल, सीता तोण्डेकर, वार्ड 7 गोपाल वर्मा, ओमप्रकाश औसर, सुनीता साहू, वार्ड 8 अशोक साहू, फगवा पटेल, वार्ड 9 निशा नायक, महेन्द्र सिका, सुरेन्द्र ईसाई, वार्ड 10 माखन पटेल, नईम खान, वार्ड 11 उत्तरा प्रहरे, सुभाष रात्रे, वार्ड 12 जितेन्द्र साहू, नकुल यादव, वार्ड 13 देवेन्द्र पाण्डेय, विक्की गुरूदत्ता, प्रीतिसिंह, वार्ड 14 चन्द्रिका चैबे, वार्ड 15 वजीर अरोरा, वार्ड न. 16 राकेश श्रीवास्तव, गणेशसिंह चौहान, वार्ड 17 प्रकाश चन्द्राकर, दीपिका सोनी, नीरज चन्द्राकर, राकेश पटवा, वार्ड 18 चन्द्रशेखर जलक्षत्री, वार्ड 19 कौशिल्या बंसल, रमेश साहू, वार्ड न. 20 देवेन्द्र चन्द्राकर, अखिलेश राव, वार्ड 21 अशोक टण्डन, जितेन्द्र साहू, वार्ड 22 पार्षद हेमलता यादव, जग्गू छुरा, डोमारी ताण्डी, वार्ड न. 23 सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, जितेन्द्र साहू, वार्ड. 24 जुगराज महानन्द, महेन्द्र सिखा, हिम्मत ताण्डी, वार्ड न. 25 संदीप घोष, वार्ड. न 26 निरंजना शर्मा, शुभ्रा शर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, वार्ड न. 27 अविनाश शर्मा, अग्रज शर्मा, उमा साहू, वार्ड 28 मधु यादव, गोपी कन्नौजे, वार्ड 29 सुधा साहू, हिमांशु चन्द्राकर, नागेन्द्र नशीने, वार्ड 30 मोहन साहू, राजेश प्रजापति, सोनाधर सोनवानी शामिल है। कार्यक्रम के प्रारंभ में देवीचंद राठी को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किए जाने पर अभिनंदन किया गया।बैठक में पूर्व जिलाध्क्ष चन्द्राहास चन्द्राकर, पूर्व मंत्री पूनम चन्द्राकर, सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू, विधि प्रकोष्ठ के प्रलय थिटे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिला संयोजक देवीचंद राठी, महामंत्री विश्वनाथन, महामंत्री प्रकाश शर्मा, माधव राव टांकसाले, जिला मंत्री निरंजन शर्मा, अनुसुचित जाति मोर्चा महामंत्री उत्तरा प्रहरे सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पांच दिवसीय रूद्रचण्डी पाठात्मक महायज्ञ 18 तक

राजिम। ब्रम्हलीन स्वामी अमृतानंद सरस्वती (संत कवि पवन दीवान जी) के पुण्यतिथि के अवसर पर विश्व कल्याण एवं धर्म संस्कृति जागरण हेतु 14 से 18 फरवरी 2023 तक ब्रम्हचर्य आश्रम सोनतीर्थ घाट राजिम में पांच दिवसीय रूद्रचण्डी पाठात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अनुसार 14 फरवरी मंगलवार को सुबह 6.30 से 7.30 तक गुरूपादुका पूजन दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी भण्डारा रखा गया है। 14 फरवरी से 18 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6.30 से 7.30 तक श्री पंचांग पूजन, वेदी पूजन, चण्डी पाठ एवं 11000 पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से महारूद्राभिषेक होगा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का समर्थन मंजू,कमला ने किया

सुकमा, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय परिषद सदस्य कॉमरेड मंजू कवासी, सुकमा ब्लाक जनपद अध्यक्ष आयती कलमू कमला रमन्ना पूर्व पार्षद, जनपद सदस्य अंजू पोडियामी पहुंचे धरना स्थल हम आपके इस लड़ाई में साथ है चाहे लाठी खानी पडे या जेल जानी हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

राज्य के भूपेश सरकार और स्थानीय केबिनेट मंत्री कवासी लखमा को निशाना साधते हुए कहा ये लोग हम महिलाओं को कमजोर सोचते हैं, लेकिन नहीं जानते कि महिलाएं जब संगठित हो जाए तो ऐसे बहरूपिया का नहीं चलेगा यहां के विधायक का नतीजा के कारण हम आप झेल रहे हैं क्योंकि आप लोगों की मांग जायज है लेकिन आज तक विधानसभा में आवाज क्यों नहीं उठाए।आज चुनाव आ रहा है तो हमारे बेरोज़गारो को भत्ता, शादी करवाने का नौटंकी कर रहे हैं सभी विभागों के कर्मचारियों परेशान हैं इनके शासन काल में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं हो रहा है

भाजपाइयों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ निकाली मशाल यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद, 14 फरवरी। भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बस्तर संभाग में भाजपा कार्यकर्ताओं की हो रही लगातार हत्या के विरोध में कांग्रेस सरकार के खिलाफ मशाल यात्रा निकालकर प्रदेश में बढ़ती हुई नक्सली हिंसा, हत्या, लूटपाट, बलात्कार एवं बढ़ती हुई आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को सौंपा।

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया है कि बस्तर संभाग में नक्सलियों द्वारा लगातार भाजपा के पदाधिकारियों की टार्गेट कीलिंग के तहत हत्या की जा रही है। कांग्रेस सरकार के संरक्षण में आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोत्तरी हो रहा है। छात्राओं एवं महिलाओं के ऊपर दुष्कर्म एवं अत्याचार के मामलों में नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ का स्थान 6 नंबर पर पहुंच गया है। चाकूबाजी एवं गैंगवार के मामले पूरे प्रदेश में चरम पर है। अवैध शराब, गांजे, नशीले पदार्थों की खुलेआम तस्करी किया जा रहा है। धर्मांतरण की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होने से धार्मिक माहौल बिगड़ गया है।भाजयुमो के मशाल यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, जसराज चंद्राकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता मोती साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पवन वर्मा, निरंजना शर्मा, प्रेम चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, अध्यक्ष पप्पू पटेल, प्रदेश भाजयुमो सदस्य विकास चंद्राकर, अरुण साहू, संदीप घोष, उत्तरा पहरे, सुरेखा कंवर, कौशल्या बंसल, प्रकाश शर्मा, विश्वनाथन, मनीष बंसल, डॉली ध्रुव, पिंकी चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, डोमार पटेल, पुरण सबर, यशवंत साहू, कादर राजपूत, गोपी कन्नौजे, प्रवीण

कवासी लखमा ने क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर की मूर्ति का अनावरण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 14 फरवरी । छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा और बस्तर लोकसभा के सांसद श्री दीपक बैज ने आज सर्किट हाउस के बाजू में स्थापित क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही 40 लाख की लागत से निर्मित होने वाली धुरवा समाज की भवन का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर राजमन बेंजाम विधायक चित्रकोट विधानसभा, श्री जयदेवधुर गुण्डाधुर के परपोता, श्री देऊधुर डेबरीधुर के परपोता, श्री पप्पूराम नाग अध्यक्ष धुरवा समाज बस्तर संभाग,

प्रकाश ठाकुर अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग, श्री कवासी हरीश अध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, श्री जगन्नाथ साहू अध्यक्ष, नगरपालिका सुकमा, श्री पोज्जा राम मरकाम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला सुकमा, सहित अन्य जनप्रतिनिधी और सर्व समाज के पदाधिकारी व सामाजिक गण उपस्थित थे।

वीर गुण्डाधुर को नमन करते हुए केबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने सभा को संबोधित किया और कहा कि नेतानार में जन्मे वीर गुण्डाधुर ने जंगल और वनोपज पर आदिवासीयों के अधिकार के लिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ा। इस अवसर पर उन्होंने शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा, बिरसामुण्डा, रानी दुर्गावती को भी याद किया। मंत्री श्री लखमा नेआजादी की लड़ाई में किए गए उनके योगदान को

याद किया। उन्होंने कहा कि वीर गुण्डाधुर ने आदिवासी सहित सभी समाज को एकत्र कर एकता में पिरोया और बिना भेदभाव के सभी के भलाई के लिए काम किया। इस अवसर पर मंत्री श्री कवासी लखमे ने समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों के अधिकार के लिएप्रदेश सरकार ने पेसा कानून लाया, जिससे उनके विकास में सहायता मिलेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की तेदुपत्ता खरीदी, धान खरीदी साथ ही गोबर खरीदी, गोमूत्र खरीदी की तारीफ की और कहा कि इससे लोग आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। जिले में सड़के बन रही है, जिससे आवागमन की सुविधा बढ़ी है। बच्चों के लिए जिले में हास्टल - आश्रम बनाये जा रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री कवासी लखमा ने देवगुड़ी बनाने हेतु 5 लाख देने की घोषणा की। इस अवसर पर श्री कवासी लखमा ने किन्दरवाड़ा के गुण्डा धुर लोककला मंच के धुरवा नर्तक दल को 25 हजार की राशि भेंट की।

शिक्षा ही एकमात्र सबसे बड़ा हथियार

सांसद श्री दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा किबस्तर का गौरव गुण्डाधुर का स्वर्णिम इतिहास है। जल, जंगल जमीन को बचाने वीर गुण्डाधुर के नेतृत्व में अंग्रेजो से लोहा लिया गया। वीर गुण्डाधुर ने अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ा। शहीद गुण्डाधुर ने जल, जंगल, जमीन और बस्तर के हितों के रक्षा के लिए भूमकाल विद्रोह की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि हमें शहीद वीरगुंडाधुर, डेबरी धुर और उनके साथियों के बलिदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने धुरवा समाज को क्रांतिकारी वीर गुण्डाधुर की मूर्ति अनावरण पर बधाई दी। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार वनोपज को समर्थन मूल्य पर खरीद रही है जिससे आदिवासी के आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि सभी समाज को एक-दूसरे से सीखना चाहिए। शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही आदिवासियों समाज को भी दूसरे समाज से सीखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। इसके लिए शिक्षा ही एकमात्र सबसे बड़ा हथियार है। समारोह को अन्य जनप्रतिनिधि और समाज पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

भैसबोड़ में चल रही रामायण प्रतियोगिता का हुआ समापन

अंवरी। ग्राम भैसबोड़ में आयोजित त्रिदिवसीय संगीतमय भव्य मानसगान प्रतियोगिता का समापन 12 फरवरी को हुआ 7 इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची राजकुमारी दीवान उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग एवं राज्य मंत्री दर्जा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम के चरित्र को जिस प्रकार साधारण भाषा में तुलसीदास ने श्री रामचरित मानस में दर्शाया है। वह अद्वितीय है। हमें यह हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए कि रामचरित मानस की बातों को हम अपने जीवन में उतार सकें। छत्तीसगढ़ की धरती पावन है जहा भगवान श्रीराम का ननिहाल और मां सीता का मायका है और भगवान राम यहां के भांजे हैं। श्री रामचरित मानस से ही जीवन जीने का मार्गदर्शन एवं कला मिलती है। मानसगान के आयोजन से गांव में आपसी तालमेल, एकता व शांति की भावना प्रेरित होती है। समापन कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही शारदादेवी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि हमें धार्मिक रूप से एक होने की आवश्यकता है। हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत गौरवपूर्ण है। हमें अपने पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलकर सौहाद्रता के साथ जीवन यापन करना है। ग्रामीण समाज में किसी भी प्रकार का मनभेद नहीं होना चाहिए।

एक नजर

मोबाइल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

कसडोल, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शिवरीनारायण मेला में मोबाइल की चोरी कर दो युवक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने दोनों युवकों को शिवरीनारायण के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शिवरीनारायण मेला के दौरान एसपी के निर्देश पर मेला घूमने के लिए आए हुए लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद और चौकन्नी है। चोरी की वारदातों की रोकथाम के लिए पुलिस की अतिरिक्त बल को मेला स्थल में तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक मोबाइल की चोरी कर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची व नदी रपटा पुल चौक के पास आरोपी राहौद निवासी अनिकेत चंद्राकर को पकड़ा और पूछताछ की। वहीं मेला ग्राउंड क्राफ्ट दुकान के पास विक्की श्रीवास से मोबाइल को जब्त कर गिरफ्तार किया गया है।

अवैध शराब बेचने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

डोंगरगढ़, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अभिषेक मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल एवम नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के दिशानिर्देश, थाना प्रभारी लालबाग जितेन्द्र वर्मा के मार्ग दर्शन पर अवैध शराब विक्रय पर अंकुश लाने हेतु कार्यवाही की जा रही है दिनांक 13 फरवरी 2023 को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम कोपेडीह के स्कूल के पास हेम कुमार बंजारे अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है की सूचना पर उप निरीक्षक आर एस सेंगर टीम द्वारा रेड कार्रवाई किया गया आरोपी हेम कुमार बंजारे पिता रमेश बंजारे के कब्जे से 46 पव्वा मध्य प्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब 8.280 बल्क लीटर कूल जुमला कीमती 4922 को विधिवत जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 63/ 2023 धारा 34(2)आबकारी एक्ट कायम किया गया इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, सूचना मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही मे उ नि आर एस सेंगर, सउनि अनिल गहने, गोवर्धन , प्र0आर0 602 देवसत रामटेके, आरक्षक 1183 कालीचरण देशमुख, 1055 खिलेश्वर, 1081 दिनेश सोनी, 1388 महेंद्र साहू एवम महिला आरक्षक 1128 अपर्णा एक्का की भूमिका सरहानीय रहा है।

आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 14 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 8 फरवरी 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में प्रभु निषाद पिता जवाहर निषाद, निवासी ग्राम सेमरिया, तहसील भाटापारा, जनकराम निषाद पिता बाजेराय निषाद, निवासी ग्राम जरहागांव, तहसील भाटापारा, संतूराम पिता लतेल, निवासी ग्राम पत्थरचुंवा, तहसील पलारी एवं अमरसिंह पिता कदम सिंग, निवासी ग्राम डूमरपाली, तहसील सोनाखान शामिल हैं।

बाड़ी में बढ़ई बना रहा था सागौन की लकड़ी का पलंग, सूचना पर वन विभाग की टीम ने दी दबिश

8 सागौन व 12 नग हल्दू चिरान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

देवभोग, 14 फरवरी। बाड़ी में बढ़ई को सागौन लकड़ी का पलंग बनाना महंगा पड़ गया। सुचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाड़ी में दबिश देकर 8 नग सागौन चिरान के साथ 12 नग हल्दू चिरान जब्त किया। विभाग ने वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लकड़ी को देवभोग के वन विभाग परिसर लाकर जब्त कर लिया है।

मामले की ज्यादा जानकारी देते हुए इन्दागॉव वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव ने बताया कि मुखबिर से सुचना प्राप्त हुआ था कि नयापारा में एक ग्रामीण के बाड़ी में सागौन व अन्य लकड़ी रखा हुआ है। सुचना मिलने के बाद उपवनमंडलाधिकारी को अवगत करवाने के बाद उनसे मिले दिशा निर्देश के आधार पर मौके के लिए डिप्टी रेंजर दिनेशचंद्र पात्र के साथ वन कर्मचारियों को मौके के लिए रवाना किया गया। इस दौरान दिनेश ने रणनीति बनाकर बाड़ी में दबिश दी। टीम को देखकर पलंग बनाने का काम कर रहा बढ़ई भी हड़बड़ा गया । इस दौरान टीम ने पलंग बनाने वाले बढ़ई से पूछताछ की तो बढ़ई ने लकड़ी खुद का होना बताया। इस दौरान डिप्टी रेंजर ने कर्मचारियों के साथ पुरे बाड़ी में सर्च अभियान चलाया। टीम को इस दौरान 8 नग सागौन चिरान और 12 नग हल्दू चिरान मिला। टीम ने अधूरा बने पलंग को भी जब्त किया है। वहीं जब्त किये गए लकड़ी की कीमत टीम ने करीब 35 हजार रूपये आंका है। उक्त कार्रवाई में अमलीपदर के सहायक परीक्षेत्र अधिकारी बिम्बाधर यदु, माहुलकोट के वनरक्षक लम्बोदर सोरी, साहसखोल के वनरक्षक अजय चेलक, कोतराडोंगरी के वनरक्षक खिलेश नागरची, खरीपथरा के वनरक्षक खेत्रमोहन साहू और सुरक्षा श्रमिक अनिराम जाल की मुख्य भूमिका रही।

आंबा कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के आंदोलन का शिवसेना ने किया समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भानुप्रतापपुर, 14 फरवरी। अंतागढ़ में जायज मांगों को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के वाजिब आंदोलन को पूरे प्रदेश में शिवसेना द्वारा अपना समर्थन दिया जा रहा है। उनके धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की आवाज को बुलंद किया जा रहा है। शिवसेना अंतागढ़ इकाई द्वारा अंतागढ़ में आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायकों के आंदोलन में पहुंचकर उनके आंदोलन को समर्थन दिया गया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया गया कि वह चुनाव के पहले इनसे वादा किए थे कि इनकी वाजिब मांगों को पूरा करेंगे और अब समय आ गया है कि वे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के वाजिब मांगों को पूरा करें। क्यों कि आज आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बहुत ही विषम परिस्थितियों में अपना आजीविका का संचालन कर रही हैं। अतः इनकी मांगों पर सरकार शीघ्र ध्यान देते हुए इनकी मांगों को पूरा करें। इस आंदोलन को समर्थन देने शिवसेना के रामनारायण उसेंडी, राजेंद्र यादव, सुखचैन मंडावी, दिलीप बघेल, प्रयाग नरवास, दयाराम, रमेश गोटा, अखिलेश मंडावी एवं अन्य शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश को मिला इंडिया का मोस्ट इंपैक्टफुल स्कूल लीडर का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 14 फरवरी। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या ऋतु रजनीश को 11 फरवरी 2023 को आईपीएन इम्पैक्ट ऑनर 2022 अमृता विश्व विद्यापीठम् बेंगलुरु के एक सम्मान समारोह में आईपीएन मोस्ट इंपैक्टफुल स्कूल लीडर 2022 का सम्मान दिया गया। यह सम्मान ऋतु रजनीश के शिक्षा के प्रति समर्पण का भाव, शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए सराहनीय कदम तथा उत्तम शिक्षा व्यवस्था के लिए उनके द्वारा किया गया अथक परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण विषय है। उनके शब्दों में शिक्षा ही जीवन का आधार है। इस संबंध में शिक्षा की उत्तम गुणवत्ता तथा आधुनिक शिक्षा प्रणाली का प्रबल समर्थक रही हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा तथा सह-प्रबंधक संदीप गोयल ने ढेर सारी शुभकामनाएँ दीं। साथ ही साथ सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भी बधाइयाँ दी और हर्ष जताया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी शिक्षा जगत में ऋतु रजनीश को कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हैं।

जब तक विधायक बनाकर नहीं दूंगा, तब तक नहीं सोऊंगा चैन की नींद : भूपेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

देवभोग, 14 फरवरी। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गॉव-गॉव जाकर राज्य की भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवा रहे है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अब तक 16 दिन में 64 गॉवो का भ्रमण कर चुकी है। वहीं हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में ब्लॉक कांग्रेस के मुखिया लगातार आमजनों के बीच पहुँचकर उनसे संवाद कर रहे है। 64 गॉवो का भ्रमण करने के बाद तरुण छत्तीसगढ़ से मुख़ातिब होते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि इस बार कांग्रेस का विन्द्रानवागढ़ में वनवास समाप्त हो जायेगा। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों का बहुत ज्यादा समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि अब क्षेत्र के लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़कर काम कर रहे है। भूपेंद्र ने राज्य की विपक्षी पार्टी बीजेपी पर भी जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि 15 साल तक ज़ब रमन सिंग सत्ता में थे। देवभोग की परेशानियों से वे भी वाकिफ थे लेकिन कभी समस्या को हल करने में उचित कदम नहीं उठाया। आज सीएम भूपेश के सत्ता में बैठे मात्र चार साल हुए है। सीएम ने चार सालों में देवभोग की सबसे बड़ी समस्या लोवोल्टेज की समस्या से देवभोग वाशियों को निजात दिलवाते हुए 132 केवी ट्रांसफार्मर की स्थापना इन्दागॉव में करवाया। अब देवभोग के लोग लोवोल्टेज की समस्या से कभी नहीं जुझेंगे। ब्लैक आउट की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। भूपेंद्र ने कहा कि जहाँ से हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा गुजरी है।

वन श्रमिकों ने भुगतान संबंधी मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 14 फरवरी। वन विभाग में कार्यरत श्रमिकों ने भुगतान संबंधी मांगों को लेकर सोमवार को ग्राम रोटिया पंचायत के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपा है पहुंची वन अधिकार समिति अध्यक्ष अनिल सिन्हा सरपंच संजय उईके सहित वन श्रमिकों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम घोटिया कोहकट्टाटोला क्षेत्र के कांम्पाटमेट मे 378, 390 में कटाई का काम कार्यरत है जिसमें बास कटाई भुगतान वर्ष 2019-20 के रेट के आधार पर मजदुरी भुगतान किया जा रहा है जिसे 2021-22 के रेट के आधार पर श्रमिको को दिया जाए इसी प्रकार बास कटाई के आधार पर पुर्व 3 वर्ष पहले हमारे ग्राम सभी ग्राम समिति मे लांभास राशि के रूप में दीया जाता था, जो आज दिनांक 13.01.2023 तक कही भी समिति मे राशि नही डाला गया। जिसे बांस कटाई 2021-22 के आधार पर मजदुरी भुगतान एवं लाभांश राशि वन सुरक्षा समिती अध्यक्ष एवं ग्रामीण मजदूरों ने देने की मांग की है श्रमिकों ने 10 दिवस के भीतर मांग ना पूरी होने पर बास निस्तारी रोकने की चेतावनी दी है जिस पर मौके पर पहुंची वन विभाग उत्पादन की रेंजर द्रोपति ठाकुर ने सभी श्रमिकों की समस्या जल्दी निराकरण होने का आश्वासन दिया है इस दौरान वन समिति अध्यक्ष शिवप्रसाद मंडावी सुरेश सिन्हा गरीबा राम श्याम राम नारद राम इतवारी तिहारू राम रामेश्वर शत्रुघ्न किशुन मिलाप सिंह मूलचंद शिव कुमार भीखू गौतम जितेंद्र हरजू राम कोमल सिंह सहित घोटिया, कोहकट्टा, उदरीछापर एवं खुर्शीपार, तोतलभरी, खोलारघाट धीर कुड़िया सहित वन क्षेत्रों के बांस कटाई श्रमिक उपस्थित थे।

जिला अस्पताल में बढ़ रही है सुविधाएं, लोगों को मिल रहा है निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ

जनवरी में हुए 2 सौ से अधिक प्रसव, 62 सिजेरियन, सीटी स्कैन से 72 मरीज लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 14 फरवरी। कलेक्टर रजत बंसल के मार्गदर्शन और प्रयास से जिला अस्पताल बलौदा बाजार में आमजन हेतु नई-नई सुविधाओं की स्थापना की जा रही है. जिसके सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे है। इसी कड़ी में गत माह में जिला अस्पताल में 225 प्रसव करवाये गए जिसमें से 62 सिजेरियन हुए है. सिविल सर्जन डॉक्टर आर.के. अवस्थी ने बताया की अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसव कक्ष स्थापित किया गया है जिससे सामान्य प्रसव के अतिरिक्त सिजेरियन प्रसव भी संभव हो पाया है। इनमें से 15 शिशुओं को एसएनसीयू में भी विशेष देखभाल हेतु दाखिल किया गया था। ग्राम कोलियारी के निवासी हरिचंद साहू ने बताया की उनकी 22 वर्षीय पत्नी को प्रसव के लिए लाया गया था। पूर्व में भी बच्चा ऑपेरशन से हुआ था तथा चिकित्सकों ने बताया कि, थैली का पानी कम होने लगा है ऐसे में मेरी सहमति से सिजेरियन द्वारा प्रसव करवाया गया अब जच्चा और बच्चा दोनों स्वथ्य है। निजी अस्पताल में इसके लिए बहुत पैसे खर्च हो जाते जिसकी बचत हुई। ऐसे ही अस्पताल को डीएमएफ से प्राप्त सी टी स्कैन मशीन का भी लाभ जनता को मिलने लगा है। गत माह कुल 72 सी टी स्कैन हुए हैं जिसमें से ज्यादातर सिर के चोट से सम्बंधित होता है जो दुर्घटनाओं में अक्सर होती है। अस्पताल में लगे डायलिसिस का भी लाभ अब तक 62 पंजीकृत मरीज उठा चुके है। अस्पताल में नेत्र जीवन ज्योति अभियान अंतर्गत 103 सर्जरी गत माह की गई जिसमें 39 यूनिलेटरल और 64 दोनो आंखों की रही। कुल में दो केस टेरेजियम (आखों में सलोनी) के रहे। ग्राम अहिल्दा की 62 वर्षीय उर्मिला साहू ने बताया की आंखों में कम रोशनी की शिकायत के कारण वह जिला अस्पताल में अपना इलाज करवाने गई जहां मोतियाबिंद बताया गया तथा ऑपरेशन निशुल्क हुआ है जिससे अब उन्हें पूरी तरह से दिखाई देने लगा है। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां तो साथ में चश्मा निशुल्क प्रदान किया गया है।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार निर्मला देवी पति स्व. राधेश्याम छत्री निवासी मकान न. 20 आर्शीवाद कालोनी, वार्ड न. 44 महेश नगर राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) ने विक्रेता दुर्गेश चन्द्राकर आ. गुहाराम निवासी महेश कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से उनकी स्वत्व व अधिपत्य की ग्राम धुर्वाटोला, प.ह.न. 30 तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) में स्थित खसरा नम्बर 516 / 3 को कय करने का पक्का सौदा कर लिया है उक्त वर्णित भूमि के संबंध मे मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इस क्रय-विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति बैंक, संस्था बोर्ड, प्राधिकरण, निगम आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के तीन दिन के भीतर मेरे लिखे पते पर प्रस्तुत करे। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति/खण्डन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात विक्रय पत्र की लिखा-पढ़ी एंव रजिस्ट्री करा ली जावेगी। उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

अतः ताकीद जानें

दिनांक

सुनील नन्दी (अधिवक्ता)
राजहरा बाबा वार्ड क्र. 01
दल्लीराजहरा, जि. बालोद (छ.ग.)
मोबा. नं.: 9425556280

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव

रा.प्र.क्र.202302092300019-ब/121-वर्ष 2022-23

//ईश्तहार//

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोरधन आ0 प्रभू जाति सतनामी निवासी ग्राम छपारा तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता केराबाई का मृत्यु दिनांक 03.09.2008 को ग्राम छपारा में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में मृत्यु दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता केराबाई का मृत्यु दिनांक 03.09.2008 को दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/02/2023 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02 /2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुहर **डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः

202301090100010/A-21(क)
विषयः- अ-21
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2022-2023
बधियाटोला प.ह.न. 00023
[345/2(0.2020 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-दुर्गाप्रसाद,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुर्गाप्रसाद आ. जगतराम साहू, जाति तेली, निवासी क्वाटर नं. 916, बागुन हातू डाक बारीडीह सी ब्लॉक, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूमि झारखण्ड द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम बधियाटोला, प.ह.नं. 23 तहसील डोंगरगढ़ में स्थित सीलिंग भूमि खसरा नं. 345/2 क्षेत्रफल 0.47 एकड़ भूमि को मकान बनाने एवं पुत्रों के विवाह करने में हुये कर्ज पटाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने से विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन के साथ नक्शा खसरा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 24.02.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार डोंगरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः

202302092200015/202302092200015
विषयः- ब-121
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सनः- 2022-2023
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-
अनावेदक पक्षकार -

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक यादव आ. बुद्धू यादव जाति यादव सा. भगतसिंह चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता देवबती यादव पति बुद्धू का मृत्यु दिनांक 10.03.2009 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.02.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार डोंगरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः

202301092200118/202301092200118
विषयः- ब-121
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सनः-2022-2023
अछोली प.ह.नं. 00022 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- महेंद्र सिंह भाटिया,
अनावेदक पक्षकार-

//ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेंद्र सिंह भाटिया पिता लाल सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम अछोली प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 738 में ख.न. क्रमशः 262, 263/1, 266/1, 281/2, 314/1 रकबा क्रमशः 0.389, 0.299, 0.036, 0.018 0.029 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में महेंद्र सिंह पिता लाल सिंह जाति सिक्ख सा. डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज व स्थित है।। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, थाना में सूचना की प्रति, आदि की छायाप्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.02.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/01/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार डोंगरगढ़**

कार्यालय, नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone No.07705-296755
Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com
& cmobhakhara3@gmail.com

क्रमांक/227/लो.स्वा.यां./ई-नि.आ.सू./2022-23 भखारा, दिनांक 10/02/2023

-:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगर पंचायत भखारा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/एन.जी.ओ./फर्म/संस्था से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

सिस्टम टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
124465	श्रम नियोजन (प्लेसमेंट) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु प्रतिशत दर पर कर्मी/श्रमिक प्रदाय कार्य	50.00	06/03/2023 (Time 17:30)

उपरोक्त कार्य की निविदा सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http:/uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भखारा

एक नजर

सेल्समैन ने की 37 लाख 80 हजार रुपए की हेराफेरी

रायपुर, 14 फरवरी। बोरियाकला स्थित रामदेव सेल्स के सेल्समेन ने दुकान के बिक्री रकम 37 लाख 80 हजार रुपए का हेरा फेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला निवासी प्रार्थी सुमीत जैन 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह बोरियाकला में रामदेव सेल्स नाम से दुकान चलाता है। जहां आरोपी ईश्वर वर्मा सेल्समेन का काम करता है। आरोपी ने 20 मार्च से लेकर 25 जून के मध्य दुकान के बिक्री रकम 37 लाख 80 हजार रुपए का हेराफेरी कर फर्जी बिल पेश किया। जब इसकी जानकारी प्रार्थी को हुई तो उसने इसकी शिकायत सेजबहार थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक के खाते से 7 लाख से अधिक रकम पार

रायपुर, 14 फरवरी। ग्राम सिलतरा धरसींवा में अज्ञात व्यक्ति ने एक युवक के खाते से 7 लाख 52665 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिलतरा निवासी प्रार्थी प्रवीण कुमार वर्मा 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके एक्सेस बैंक के खाता से 1124 रुपए आहरण हो गया था। जिससे वह फोन पे के कस्टमर केयर को फोन लगाकर पैसा कटने की जानकारी दी। जिससे अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को एक्सेस बैंक का एप चालू कराकर ओटीपी नंबर पूछ लिया और प्रार्थी के खाते से 752665 रुपए आहरण कर लिया।

दुकान के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर, 14 फरवरी। भनपुरी स्थित किशोर हाइड्रोलिक के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोवर्धन नगर खमतराई निवासी प्रार्थी डॉ. आयूष श्रीवास 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचजेड 9285 को भनपुरी स्थित किशोर हाइड्रोलिक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी एग एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पूर्व विवाद को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर, 14 फरवरी। धनलक्ष्मी नगर भनपुरी में पूर्व विवाद को लेकर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार धनलक्ष्मी नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी संतोष कुमार राजभर 43 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी रोशन व अन्य 3 युवकों ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी के घर में जबरन प्रवेश कर मारपीट किया।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर, 14 फरवरी। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। लोहार चौक के पास पुरानी बस्ती निवासी प्रार्थी चित्रकांत देवांगन 37 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह पटवा कॉम्पलेक्स के पास एमजी रोड में खड़ा था, तभी आरोपी सलमान खान 24 वर्ष आया और प्रार्थी से शराब के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं देने पर आरोपी ने प्रार्थी से मारपीट कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया।

अधिवेशन स्थल पर 1700 रुपए जमा करेंगे कांग्रेस सदस्य

रायपुर 14 फरवरी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वें अधिवेशन की तैयारी शहीद वीरनारायण सिंह नगर नया रायपुर (अटल नगर) में जोर-शोर से चल रही है। 24 से 26 फरवरी तक चलने वाले इस अधिवेशन में शामिल होने वाले प्रत्येक सदस्य को एक हजार रुपए वार्षिक शुल्क देना होगा। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र में कहा है कि एक हजार रुपए में से पांच सौ रुपए एआईसीसी को प्रतिनिधि शुल्क के रूप में भेजे जाएंगे। कांग्रेस फंड के लिए सालाना चार सौ रुपए पांच साल के लिए जमा करेंगे। पीसीसी अपने सत्र बैज के लिए प्रति पीसीसी सदस्य आईसीसी के पास पांच सौ रुपए का हिस्सा जमा करेगी। इसके अलावा प्रत्येक पीसीसी सदस्य को कांग्रेस संदेश (तीन सौ रुपए तीन वर्ष के लिए) की सदस्यता लेनी होगी। सत्र स्थल पर देय कुल राशि 1700 रुपए होगी। प्रतिनिधि शुल्क प्राप्त करने और केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए उनके पहचान पत्र दिखाने पर प्रतिनिधियों के बैज को प्रदेश द्वारा उनके कैंप कार्यालयों से कार्यक्रम स्थल पर वितरित किया जाएगा। सभी प्रतिनिधियों, एआईसीसी, पीसीसी और जिला शहर कांग्रेस अध्यक्षों को 24 फरवरी की शाम तक पहुंचने को कहा

कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का विमानतल पर भव्य स्वागत किया गया।

गया है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार विषय समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों को 25 फरवरी को सुबह सवा दस बजे से आयोजित होने वाले पूर्ण सत्र के समक्ष रखा जाएगा। पार्टी संविधान के अनुसार प्रदेश के सभी सदस्य सत्र प्रतिनिधि होंगे। 25 फरवरी को प्रातः दस बजे सत्र स्थल के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण के बाद प्रतिनिधियों का सत्र प्रारंभ होगा। ध्वजारोहण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को औपचारिक जुलूस में सत्र के मंच तक ले जाया जाएगा। संचालन समिति के सभी सदस्य, एआईसीसी के पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष और सीएलपी नेता जुलूस में शामिल होंगे। यहां सभी के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था रहेगी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने शैलजा ने दिए निर्देश: अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा संगठन के शीर्ष पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में भी चर्चा हो सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति से अन्य ज्वलंतशील मुद्दों पर भी चर्चा होगी। इस बैठक में सभी आगंतुक अतिथियों को छत्तीसगढ़ी व मिलेट्स से निर्मित भोजन खिलाया जाएगा। महासाचिव के निर्देश के अनुसार सभी आगंतुक अतिथियों को लाने-ले जाने की भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इन्हें राजधानी के एक निजी होटल में ही ठहराया जाएगा। अधिवेशन स्थल पर अलग-अलग मंच बनाए जाएंगे। एक लाख वर्गफीट में विशाल डोम का निर्माण कार्य चल रहा है।

मातृ-पितृ दिवस...

रायपुर 14 फरवरी। जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल में आज मातृ-पितृ दिवस मनाया। इस अवसर पर चितवन वृद्धाश्रम में हम साथ-साथ है कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायाधीश नए राज्यपाल को दिलाएंगे शपथ

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 फरवरी। राजभवन में नए राज्यपाल को शपथ दिलाने के लिए सभी तैयारियां शुरू हो गई है। वर्तमान राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का मिलना-जुलना जारी है। वे 21 फरवरी को यहां से चली जाएंगी तथा 22 फरवरी को मणिपुर में शपथ लेंगी। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार नए राज्यपाल 23 अथवा 24 को शपथ लेंगे इसको लेकर व्यापक विचार-विमर्श चल रहा है। अंतिम तिथि आज शाम तक तय कर ली जाएगी। राजभवन के दरबार हॉल में मुख्य समारोह होगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नए राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। नए राज्यपाल को पुलिस के द्वारा भी सलामी दी जाएगी। राज्यपाल की अदला-बदली होने के कारण अब राजभवन में आदिवासी आरक्षण विधेयक की स्थिति पर सबकी नजरें टिकी है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में कुलपति चयन का मामला भी अधर में लटक जाएगा। नए कुलपति का चयन अगले माह तक किया जाना जरूरी है। वर्तमान कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

किसानों को 7 हजार करोड़ का कृषि लोन दिया जाएगा

- **खरीफ फसल में लगने वाले खाद-बीज व कृषि कार्य के लिए दिया जाएगा ऋण**

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 फरवरी। किसानों को धान का समर्थन मूल्य के रूप में 22 हजार करोड़ का भुगतान करने के बाद अब प्रदेश सरकार खरीफ फसल के लिए कृषि लोन के लिए 7 हजार करोड़ रुपए देगी।

अपेक्स बैंक के अनुसार प्रदेश में रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक, रायगढ़, अंबिकापुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा बिलासपुर स्थित सहकारी बैंकों के माध्यम से 23 लाख

किसानों को 22 हजार करोड़ रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया है। यह राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है। पिछले वर्ष के भुगतान का पूरा हिसाब-किताब हो चुका है। अब नई राशि को लेकर सभी जवाबदारियां पूरी की जा रही है।

अपेक्स बैंक द्वारा खरीफ फसल के लिए किसानों को 7 हजार करोड़ का लोन दिया जाएगा। नई पॉलिसी के अनुसार अब केंद्रीय सहकारी बैंक भी किसानों को खाद-बीज तथा अन्य कार्यों के लिए ऋण देते हैं। लेकिन धान खरीदी के समय बतौर लिंकिंग इसे काट लिया जाता है। किसी भी किसान को धान के खरीदने के पश्चात इसका भुगतान करना होता है इसलिए धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई जाती। अधिकारियों के अनुसार इस समय सबसे ज्यादा धान का उठाव केंद्रीय सहकारी बैंक रायपुर ने किया है। 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है जो कि अपने आप में रिकार्ड है। रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक प्रदेश का सबसे अग्रणी सहकारी बैंक है।

सुभाष नगर के लोगों ने किया जोन-2 का घेराव

रायपुर 14 फरवरी। मौदहापारा क्षेत्र स्तिथ उत्कल बस्ती सुभाष नगर में व्याप्त जन समस्याओं को लेकर सोमवार को सुभाष नगर के रहवासियों ने नगर निगम के पूर्व सभापति व भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में ज़ोन क्रमाक 2 कार्यालय का घेराव किया एवं ज़ोन कमिश्नर को ज्ञापन सौंप कर समस्या के निराकरण के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। भारतीय जनता पार्टी के नेता व नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव ने कहा कि राजधानी के अंदर ज़ोन कार्यालय के नजदीक की उत्कल बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का आभाव बता रहा हैं कि नगर निगम को नागरिकों की कोई चिंता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उत्कल बस्ती अंधेरे में डूबी हैं स्ट्रीट लाइट की मांग, नए खम्भों में विधुत

प्रवाह की मांग, बस्ती में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही हैं शीघ्र नाली निर्माण करने की मांग सहित नल से जलापूर्ति और खराब बोर की समस्या सहित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की मांग के साथ साथ हमने तेलगुपारा सुभाष नगर के नवनिर्मित सुलभ को जनता के लिए शुरू करने एवं सुलभ शौचालय में निःशुल्क या मासिक कार्ड की व्यवस्था की मांग नगर निगम से की हैं।

वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों का त्यौहार: विकास उपाध्याय

रायपुर 14 फरवरी। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में रंग तरंग वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय (संसदीय सचिव एवं विधायक रायपुर पश्चिम) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष ,योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन)के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यास नारायण शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, उमाकांत तिवारी ,अशोक दीवान, अविनाश शुक्ला एवं आनंद पांडेय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विकास उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों का त्यौहार होता है। जिसका इंतजार पूरे वर्ष विद्यार्थियों को रहता है ।उत्साह और उमंग के साथ अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन मंच पर करने की तमन्ना पूरी होती है।

वार्षिक उत्सव में एक बार जो विद्यार्थी मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है ,वह जिंदगी में कभी भी कहीं भी मंच पर

सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के काबिल बन जाता है ।वार्षिक उत्सव के बाद वार्षिक परीक्षा भी इसी उत्साह और उमंग के साथ दिलाएं और अच्छे परिणाम से उज्जवल भविष्य का निर्माण कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करें ।विप्र महाविद्यालय सदैव मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों को न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कटिबद्ध रहा है ।यहां का अनुकूल शैक्षणिक वातावरण हमेशा एक सुखद एहसास दिलाता है। विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों को अपने महाविद्यालय से जोड़ने का एक माध्यम होता है ।छात्र जीवन का यह सुखद यादें होती है ।और इसके बाद वार्षिक परीक्षा में भी अच्छा प्रदर्शन छात्र जीवन की यादों को और अधिक खुशनुमा बना देता है इसलिए पूरे उत्साह और उमंग के साथ वार्षिक उत्सव मनाने के बाद वार्षिक परीक्षा की तैयारी में पूरे मन से सभी विद्यार्थियों को जुट जाना चाहिए।

हड़ताली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं पर राज्य सरकार के तेवर सख्त

रायपुर 14 फरवरी । आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की हड़ताल को लेकर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपना लिया है। महिला बाल विकास विभाग की तरफ से सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश जारी कर हड़ताल के संदर्भ में कड़े फैसले लेने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के तहत जिला स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर बातचीत करने और हड़ताल पर लौटने का अल्टीमेटम देने का निर्देश दिया है। 10 बिंदुओं पर जारी निर्देश में इस बात का भी उल्लेख है कि अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल पर अडिग रहते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए साथ ही उनके मानदेय भुगतान को रोकने का भी निर्देश दिया गया है। निर्देश के मुताबिक अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका हड़ताल से वापस नहीं लौटती है तो उनकी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाए। यही नहीं इस बात का भी निर्देश दिया गया है कि जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने साल 2018 में आंदोलन किया था और हड़ताल से वापसी के बाद उनकी हड़ताल अवधि के मानदेय का भुगतान इसी शर्त पर हुआ था कि वह आगे इसकी पुनरावृति नहीं करेंगी। जिस तरह के निर्देश राज्य सरकार की तरफ से जारी किए गए हैं। उसे इस बात का स्पष्ट संकेत मिल जाता है कि अगर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने अपने हड़ताल को खत्म करने की दिशा में कदम नहीं बढ़ाया तो आने वाले दिनों में राज्य सरकार कोई बड़ा कदम उठा सकती है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23